**16.03 hrs.**

Title: Regarding India-Pakistan relations (Concluded).

MR. SPEAKER: Hon. Members, the discussion regarding Indo-Pak relations has been admitted in the name of Shri Mani Shankar Aiyar and Shri Prabodd Panda. Shri Mani Shankar Aiyar has requested me to allow Shrimati Sonia Gandhi to raise the discussion on his behalf. Since I have acceded to the request of Shri Mani Shankar Aiyar, I now request Shrimati Sonia Gandhi, the Leader of the Opposition, to initiate the discussion.

SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI): Mr. Speaker, Sir, I rise to extend yet again the Congress Party's support to the Prime Minister in his search for a durable and enduring peace with Pakistan, but with all humility, Sir, allow me to say that the Congress' stand on dialogue with Pakistan has been finally vindicated. We only wish that the BJP-led NDA Government's policies in regard to Pakistan had clarity, conviction and consistency. The Government's stance has vacillated from one extreme to another, giving rise occasionally to the impression that we are responding to external pressures.

But, in spite of these inconsistencies, we have extended our broad and sustained support to the Government on matters relating to national security, to cross-border terrorism in Jammu and Kashmir, and Indo-Pak relations.

But Sir, we are puzzled and the country awaits an explanation for the inconsistent and contradictory statements made by the Prime Minister; by the Deputy-Prime Minister; by the Foreign Affairs Minister from time to time on such a vital matter. Repeatedly we have been told that there will be no resumption of talks with Pakistan so long as cross-border terrorism in Jammu and Kashmir continues.

Here I would like to quote the Prime Minister on his speech in Gangtok, Sikkim on the 14th April where he said and I quote : "To create a conducive atmosphere for talks it is imperative that cross-border terrorism is stopped immediately." The implication here is quite clear. The Prime Minister here quite clearly implied that talks with Pakistan will be held only after it stopped cross-border terrorism.

But then, the Prime Minister extended his hand of friendship to Pakistan in Srinagar, on 17th April, with the following words. Again I quote : "We are again extending a hand of friendship, but hands should be extended from both sides. Both sides should decide to live together." Here there is no mention, as far as I know, -- from all the reports that we saw coming out from Srinagar -- of cross-border terrorism.

Then again, the Prime Minister at the very end of his *suo motu* statement in the Lok Sabha on the 23th April said and again I quote : "Stopping cross-border infiltration and destruction of terrorist infrastructure can open the doors for talks." This is not as categorical as in Gangtok, but it is nuanced nevertheless. Therefore, are we now to understand that the Government has obtained firm commitments from Pakistan that its sponsorship of cross-border terrorism will cease? Are we to understand that this remains the pre-condition for the resumption of dialogue?

Sir, as I have said before, the Congress's stand has been all along clear and unequivocal. It has been repeatedly articulated. We have also been repeatedly attacked by the BJP on this very issue, and particularly, when elections were close. But, we stood by our principles all along because we believe that they are in the interests of our country. We have always said that the doors of diplomacy and the windows of dialogue -- official or unofficial, formal or informal -- must be kept open and active at all times and on all issues of mutual concern and interest.

Sir, India and Pakistan's futures are linked. We need much closer and much more vibrant cultural contact; contacts between our educational institutions; cricket, hockey and other sporting institutions; relationships between political parties and civil society; organisations; tourism; economic and trade ties; and cooperation in many other vital areas.

The Congress has also, for the part five years, been repeatedly advocating a transparent and verifiable set of confidence-building agreements on nuclear and missile issues.

Sir, the Simla Agreement was signed in July, 1972 and it provides the essential framework, essential architecture for fostering bilateral relationship. It is, if I may be permitted to say, a tribute to the noble instincts of Indiraji and her senior colleagues. Then, Indiraji offered a friendship pact to President Zia-ul-Haq. Subsequently, Shri Rajiv Gandhi travelled to Pakistan in 1988 and there was a brief moment of hope for both the countries. Among other things, Shri Rajiv Gandhi and Ms. Benazir Bhutto entered, at that time, into an agreement on non-attack on each other's nuclear installations. In the early 1990s, the Congress Government of Shri P.V. Narasimha Rao submitted to Pakistan a comprehensive set of confidence building agreements.

Sir, we supported the Prime Minister's Lahore visit in February, 1999 but we were realistic enough not to go overboard as the then External Affairs Minister did when he termed it as a "defining moment in Indo-Pak relations". We all know, Mr. Speaker, Sir, that the defining moment was provided by the Kargil War, preparations for which

were obviously going on, while our Prime Minister was being greeted in Lahore. After a long gap, the Government suddenly decided on the Agra Summit without much preparations, without any structured agenda. We watched the utter confusion with great amazement. We hoped for the best, but we were not surprised at the outcome.

The Agra Summit was followed by a number of cease-fires. We supported the Government, at that time too. Then, Sir, we had sabre-rattling from both sides, another escalating war of words. We had the attack on Parliament. We had gruesome killings in Jammu and Kashmir. We had unprecedented troop mobilisation followed by the usual *kafila* of visitors from abroad and, then, a pullback. We are still baffled as to what the purpose of *Operation Parakram* was. What exactly did it accomplish?

All of a sudden, then, the Prime Minister, once again, rolled the dice of peace from Srinagar three weeks back. I believe that both the Parliament and the country are entitled to know why the Government conducted itself in such an *ad hoc* manner in such a sensitive area as India-Pakistan relations. What is the time-frame and the sequence that the Prime Minister has in mind for the resumption of this dialogue with Pakistan, and at what level are talks being contemplated? What steps are being taken to avoid a repeat of the Agra fiasco?

Sir, the past has been painful. It has been complicated, it has been torturous, but let us not become prisoners of our memories. The future beckons us. We have to make a new beginning, while protecting our interests. There is no question of partitioning Jammu and Kashmir. That is simply unacceptable. There is also no question of handing over Kashmir to Pakistan. That too is unacceptable. Let us be very clear of what we will not accept. Only then, we can move forward.

I will now end by assuring the Prime Minister of our support.

But, the real question is whether the Prime Minister has the enthusiastic and total support of NDA allies on his recently declared vision; whether the Prime Minister has the full backing of his own Cabinet and party colleagues; and, above all, whether the Prime Minister has the support and the cooperation of his own ideological brotherhood.

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :** अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने भारत-पाकिस्तान के रिश्ते सुधारने के लिये जो पहल की है, विरोधी दल की नेता ने उसका स्वागत करते हुये अनेक बातें अपने भााण में कही हैं। हम उनकी बहुत सारी बातों से पूरी तरह सहमत हैं। मैं समझता हूं कि सारा देश उस प्रस्ताव से पूरी तरह एकमत है जिसे दोनों सदनों ने पारित किया था। उस प्रस्ताव से सारा देश बंधा हुआ है, और ये दोनों सदन बंधे हुये हैं कि कश्मीर को पाकिस्तान के हवाले करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। उसे रिट्रीट करने की जरूरत नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर के पार्टीशन का सवाल किसी के मन में आ सकता है, कोई कल्पना भी कर सकता है लेकिन मैं समझता हूं कि यह अमान्य है। मैंने देखा कि पाकिस्तान में एक बात कही जा रही है कि वे लाइन ऑफ कंट्रोल को कभी सीमा नहीं मानेंगे। मैं नहीं जानता कि भारत ने ऐसा कौन सा प्रस्ताव किया है? संसद के दोनों सदनों ने एक प्रस्ताव पास किया है कि पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने का एकमात्र हमारा काम है। उससे हम लोग सर्वसम्मति से बंधे हुये हैं। उन बातों को रखकर यहां कोई प्री-कंडीशन या कोई कल्पना हो सकती है, मैं इसे स्वीकार नहीं करता। सोनिया जी ने प्रारम्भ में कहा कि ऐसा लगता है कि कहीं इसमें कोई एक्सटर्नल प्रेशर की बात है लेकिन मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि इस एन.डी.ए. की सरकार ने एक्सटर्नल प्रेशर में कभी काम नहीं किया है और न करेगी।

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष जी, मलहोत्रा जी को कुछ काम प्रधान मंत्री जी पर छोड़ देना चाहिये।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, मैं पार्टी की बात कर रहा हूं।

SHRIMATI MARGARET ALVA (CANARA): Mr. Bill Clinton said in the Central Hall that he was responsible for calling the troops in Pakistan.

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, मुझे मालूम नहीं। यदि इस पर बहस न की जाये तो अच्छा होगा। जब हमने परमाणु बम का परीक्षण किया, अमरीका ने हमारे देश पर सैंक्शन्स लगाईं, दुनिया के दूसरे देशों ने भी ऐसा ही किया। एक समय जब 1993 में इनकी सरकार ने परमाणु परीक्षण करना चाहा, सारी तैयारी पूरी हो गई लेकिन अमरीका की एक घुड़की से वह परीक्षण वापस ले लिया गया। इसलिये हम पर यह इलजाम न लगाया जाता तो अच्छा होता। एक्सटर्नल प्रेशर की कोई बात की जा रही है या कोई बात है, उससे इसका कोई ताल्लुक नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, ईराक पर अमरीका ने हमला किया, पाकिस्तान ने उसकी निन्दा की और जब अमरीका ने ईराक पर कब्जा किया, उसका भी विरोध किया गया। हम लोगों ने बीसियों बार साफ-साफ कहा कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान वार्ता में अमरीका का कोई रोल नहीं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस सदन में कहा था कि इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। अगर अमरीका कोई काम कर सकता है तो वह यह है कि पाकिस्तान पर दबाव डाले कि वह क्रॉस बौर्डर टैररिज्म को खत्म करने के लिये कार्यवाही करे। अगर अमरीका दुनिया में आतंकवाद को खत्म करने के लिये सिनसियर है, वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है और दुनिया से आतंकवाद खत्म करना चाहता है तो उसका प्रारम्भ वहां से हो रहा है। उसे खत्म करने के लिये वह पाकिस्तान पर दबाव डाले तो बात समझ में आ सकती है परन्तु हमारी बातचीत के बीच में आये कि बातचीत की जायेगी, यह हमारे देश को स्वीकार नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, इन्होंने एक बात कही है कि कांग्रेस पार्टी आल टाइम, आल ईश्युज पर बातचीत करने के हक में है। उन्होंने जो बात कही, उसका अर्थ यह है कि आल टाइम, ऑल ईश्युज पर बातचीत होती रहनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि जब भारत की संसद पर हमला हुआ था तो क्या उसके बाद भी बातचीत जारी रखनी चाहिए थी। जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर के अंदर â€¦ (व्यवधान)

**श्री मणि शंकर अय्यर (मइलादुतुरई) :** आपने तो आगरा से बातचीत बंद कर रखी थी, फिर कैसे शुरू कर रहे हैंâ€¦ (व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, जब देश पर आक्रमण होता है, जब हमारे स्वाभिमान पर चोट पहुंचाई जाती है, तब यहां इस प्रकार की परिस्थिति पैदा होती है और बहुत से कदम उठाने पड़ते हैं और आपने उनका समर्थन किया था। जब पाकिस्तान के साथ राजदूतावासों का आकार छोटा किया गया था तो आपने उसका समर्थन किया था। आपने उसका भी समर्थन किया था कि बातचीत बंद कर दी जाए। क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म के प्रश्न पर प्रधान मंत्री जी ने सारे मुस्लिम देशों में समझाने के लिए अनेक दल भेजे थे। उनमें कांग्रेस के अनेक नेता गये थे और उन नेताओं ने यहां आकर जो रिपोर्टें दी हैं, उन रिपोर्टों को आप देखिये। उनमें कहा गया था कि जब तक पाकिस्तान क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म बंद नहीं करता, स्ट्रक्चर्स खत्म नहीं करता, तब तक उसके साथ बातचीत नहीं हो सकती है। वे देश उस पर दबाव डालें और उन सारे देशों ने इसे स्वीकार किया था। मैं समझता था कि यहां पर जो परिस्थितियां है, उनमें हर समय इसी तरह से कहा जायेगा, यह ठीक नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, इन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रारम्भ किया था कि इंदिरा जी ने 1982 में ऐसा किया था, श्री राजीव गांधी जी ने 1988 में किया था। मैं कहना चाहता हूं कि हमारा संर्घा 1947 से चल रहा है। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। इन्होंने उनका नाम नहीं लिया, मुझे मालूम नहीं, उनका नाम क्यों नहीं लिया। उसके बाद श्री लाल बहादुर शास्त्री जी हुए, उनका नाम क्यों नहीं आया। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1947 मेंâ€¦ (व्यवधान)पंडित जवाहर लाल नेहरू के समय से ,1947 से, पाकिस्तान ने अपने जन्म से यह प्रारम्भ किया था। पहले कबाइलियों का हमला हुआ, उसके बाद पाकिस्तान की सेना पीछे से आ गई और उसके बाद लड़ाई हुई। उसमें एक गलती हो गई कि सीजफायर नहीं किया जाना चाहिए था। यदि सीजफायर न होता तो आज सदन में जो कहा गया है कि पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लो, वह बात पैदा ही नहीं होती। पंडित जवाहर लाल नेहरू के समय में ही लड़ाई शुरू हो गई थी। उसके बाद 1965 में लड़ाई लड़ी गई, उस समय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी प्रधान मंत्री थे। उसके बाद 1971 में लड़ाई हुई। भारत-पाक संबंधों का बिगड़ना 1982 में शुरू नहीं हुआ। 1971 में फिर लड़ाई शुरू हुई और बंगलादेश आजाद हुआ। उस समय हमारे कब्जे में पाकिस्तान के 91 हजार सैनिक थे। उसके बाद शिमला समझौता हुआ। हमने शिमला समझौते का विरोध किया था। हमने कहा था कि जो कुछ हमने पाया है, उसे इस तरह से न छोड़ा जाए। परंतु उस समझौते से हम बंधे हुए थे, इसलिए हमने कहा कि जो भी समझौता किया, चाहे गलत किया या सही किया, उसके मुताबिक पाकिस्तान कार्रवाई करे।

अध्यक्ष महोदय, जब पाकिस्तान के साथ बातचीत हो रही है तो हम यह जरूर कहना चाहेंगे कि पाकिस्तान को दो-तीन बातों का जरूर ध्यान रखना पड़ेगा। अगर उनके मन में यह है, जिस तरह से उन्होंने देखा कि चारों युद्ध में वे हार गये, कोई युद्ध वे जीत नहीं सके, 1999 में भी वे हार गये, अगर वे कहें कि भारत के साथ हम युद्ध में जीत नहीं सकते, इसलिए प्रच्छन्न युद्ध करें, प्रॉक्सी वार करें, जिसके आज हम शिकार हैं, हमारे देश के लगभग 60 हजार लोग इस युद्ध में मारे गये हैं, यदि इस युद्ध को पाकिस्तान जारी रखना चाहे, तो उसे यह काम बंद करना चाहिए। उसे यह काम बंद करना होगा, अन्यथा भारत और पाकिस्तान के बीच शांति कैसे हो सकती है।

हम भी चाहेंगे और दुनिया में कौन नहीं चाहेगा कि जो रुपया हम अपने देश की डिफैंस पर खर्च कर रहे हैं, वह रूपया देश के विकास पर खर्च हो, सड़कों, पानी, बिजली, शिक्षा और अन्य चीजों पर खर्च हो। लेकिन अगर हमारी सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाए, देश की स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाए तो इसका विचार करना आवश्यक होता है। मैं फिर कहना चाहता हूं कि जैसा बार-बार कहा गया है और उन्होंने भी इस बात को दोहराने की कोशिश की थी कि प्रधान मंत्री जी, उप-प्रधान मंत्री जी और श्री यशवंत सिन्हा ये क्या अलग-अलग भााओं में बोल रहे हैं। मैंने श्री मणिशंकर अय्यर जी का एक लेख देखा, उसमें भी इस बात को कहने की कोशिश की गई। उनकी भाा बहुत अच्छी है, बहुत तीखा लिखते हैं, भले ही उसमें सार हो या न हो, परंतु भाा अच्छी है।

मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। उसमें उन्होंने यशवंत सिन्हा जी की आलोचना की और पाकिस्तान के खुर्शीद कसूरी साहब की प्रशंसा की है।

He writes:

> "I have known Khurshid from the age of 20. We joined the same Cambridge college in the same year, 42 years ago. He is a man of honour. He is a man of his words. Let us, for God's sake, give peace a chance. "

यशवंत सिन्हा जी के बारे में वे कहते हैं कि इन्होंने प्री-एम्पटिव स्ट्राइक की बात कैसे की। अध्यक्ष महोदय, सिन्हा जी ने जो बात कही, और जिस संदर्भ में कही, उनसे एक प्रश्न पूछा गया कि अमेरिका ने इराक पर तीन कारणों से हमला किया -- एक इस बात पर किया कि वहां डिक्टेटरशिप है, दूसरा कहा कि वहां मास डिस्ट्रक्शन के वैपन्स हैं और कहा कि इराक आतंकवाद फैला रहा है। यशवंत सिन्हा जी ने यह बात कही कि ये तीनों कारण पाकिस्तान पर पूरी तरह से लागू होते हैं। क्या कोई कह सकता है कि पाकिस्तान में डिक्टेटरशिप नहीं है? क्या कोई कह सकता है कि पाकिस्तान में मास डैस्ट्रक्शन के वैपन्स नहीं हैं? क्या उन्होंने आतंकवाद नहीं फैला रखा है? अगर इन कारणों से अमेरिका के इराक पर हमला करने को लोग जस्टिफाइ कर रहे हैं तो उन्होंने क्या गलती की यह कहकर कि भारत का पाकिस्तान पर हमला करना भी जायज़ है?

**श्री प्रकाश परांजपे (ठाणे)** : हमला जल्दी करो, बातें मत करो। â€¦ (व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, अब पाकिस्तान ने कुछ बातों की घोाणा की है। हमारी पार्टी का और हमारा विचार यह है कि ये घोाणाएं पाकिस्तान ने बहुत बार की हैं। उनकी जो कथनी है, उसको करनी में परिवर्तित करना उनके लिए बहुत ज़रूरी है। अभी यह बात पूछी गई है कि क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म को रोकना और टैररिज़्म के इनफ्रास्ट्रक्चर को खत्म करना प्री-कंडीशन्स हैं या नहीं हैं, होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए। हम समझते हैं कि जब तक ये नहीं होंगी, बातचीत के लिए अच्छा वातावरण नहीं बन सकता। दोनों बातें साथ-साथ नहीं चल सकतीं। हम लाहौर गए थे, मैं भी प्रधान मंत्री जी के साथ गया था। मैं लाहौर में ही पैदा हुआ, मैं अपना घर भी देखने गया था। वहां जो स्थिति है, वह मैं जानता हूँ। परंतु वहां उस समय ऊधमपुर में 35 आदमी मार दिये गये। हम लाहौर में थे और ऊधमपुर में 35 आदमियों की हत्या हो गई। उन्होंने ठीक कहा कि उस समय कारगिल का तरीका अपनाया जा रहा था। पाकिस्तान को अपनी इन चीजों को भूलना चाहिए। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान का जो पहले दिन से नारा बना कि 'हँस के लिया पाकिस्तान, लड़ के लेंगे हिन्दुस्तान,' इस मनोवृत्ति को खत्म करना चाहिए। इसको भूलेंगे, तब बातचीत शुरू होगी। आतंकवाद का उन्होंने बहुत बड़ा इनफ्रास्ट्रक्चर बनाया हुआ है, आज आई.एस.आई. के कितने अड्डे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कह रहे थे कि बंगलादेश से ऑपरेट किया जा रहा है और 35 आदमी त्रिपुरा में मार डाले गए। त्रिपुरा में हत्याएं हो रही हैं, आई.एस.आई. के जो बंग्लादेश में अड्डे बने हुए हैं उससे नॉर्थ ईस्ट जलता रहे और कश्मीर में ऐसे हालात बने रहें, मंदिरों पर हमला होता रहे और कश्मीर के रेडियो स्टेशन पर हमला हो जाए। â€¦ (व्यवधान)

**श्री विणु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) :** आई.एस.आई. के 125 लोग बंगाल की जेल में हैं।

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : हमारे प्रधान मंत्री जी ने बहुत सार्थक और महत्वपूर्ण पहल की है। हम समझते हैं कि यह पहल होने के बाद पाकिस्तान को इसका सार्थक जवाब देना चाहिए। हम शांति के पक्ष में हैं। पाकिस्तान का बार-बार कहना है कि नो वार पैक्ट कर लो। नो वार पैक्ट शिमला समझौते में लिखा हुआ है। लाहौर डिक्लेयरेशन में नो वार पैक्ट लिखा हुआ है। अगर इस समय कुछ जरूरी है तो वह नो प्रॉक्सी वार पैक्ट होना चाहिए। कोई प्रॉक्सी वार नहीं करेंगे, वे इसकी घोाणा

करें। कल वहां के प्रधान मंत्री जी ने जो कुछ कहा है, हम कम से कम उससे संतुट नहीं हैं। वह पर्याप्त नहीं है। यहां पर व्यापारिक समझौता हुआ काठमांडू का, उसके बारे में कोई शब्द नहीं है। काठमांडू में किया, डब्लू.टी.ओ. में किया। उनके यहां से सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले लोग यहां आते हैं - गाने वाले आते हैं, और लोग आते हैं। यहां पर उनके लिए सब कुछ खुला है, लेकिन वे भारत से किसी को नहीं आने देते।

महोदय, वे भारत से किसी को नहीं आने देते। उनकी मैगजीन भारत में आना अलाउड हैं, लेकिन भारत की मैगजीन पाकिस्तान नहीं जा सकतीं। इस प्रकार से एकतरफा काम नहीं चल सकता है। जब प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हम मैत्री के लिए हाथ बढ़ाते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम अकेले अपनी तरफ से दोस्ती करें। इसके लिए दोनों तरफ से प्रयास होने जरूरी हैं।

महोदय, सोनिया गांधी जी ने ठीक कहा कि केवल घोाणा कर देना पर्याप्त नहीं है। अतः इन घोाणाओं के साथ-साथ दोस्ती हेतु जमीन तैयार करने का प्रयास किया जाना जरूरी है। उन्होंने कह दिया कि क्रिकेट और हॉकी के मैच हेतु दोनों देशों के खिलाड़ियों को एक दूसरे के देश में जाने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन यह कहना बहुत आसान है। इसके लिए प्रयास भी करना चाहिए। हॉकी और क्रिकेट के खेल हमने बहुत खेले हैं। मैं तो विशो रूप से खेलों से जुड़ा रहा हूं, लेकिन यह सुपरफ्लुअस बात है। इसके लिए हमें पहले जमीन तैयार करनी चाहिए।

महोदय, वहां की जनता भारत के साथ मैत्री चाहती है। हम जब उनसे मिलते हैं, तो वे भी बहुत दोस्ती के साथ पेश आते हैं, परन्तु इसके पीछे उनकी जो भारत-ि वरोधी घृणा की भावना है, उसे उन्हें अपने मन से निकालना होगा और दोनों ओर से शांति के रास्ते पर चलते हुए अपने-अपने देश का विकास करने की ओर अग्रसर होना पड़ेगा। प्रधान मंत्री जी ने जो पहल की है, वह स्वागत योग्य है। इसमें किन्तु, परन्तु न लगाते हुए प्रधान मंत्री जी की पहल का पाकिस्तान की ओर से सार्थक उत्तर आना चाहिए और ऐसा नहीं होना चाहिए कि आज बातचीत शुरू हो जाए या कल शुरू हो जाए।

महोदय, मैं समझता हूं कि जल्दीबाजी में कठिनाइयां पैदा होंगी। मुझे मालूम है, मैंने कांग्रेस के नेता श्री प्रणव मुखर्जी के बयान उस समय अखबारों में पढ़े थे, जिनमें उन्होंने कहा कि मुशर्रफ साहब को आगरा शिखर वार्ता के लिए क्यों नहीं बुलाते, जल्दी बुलाना चाहिए, इसमें देर नहीं करनी चाहिए, डिक्टेटरशिप की बात शुरू नहीं करनी चाहिए, इसमें देरी नहीं करनी चाहिए,। लेकिन जब आगरा शिखर वार्ता सफल नहीं हुई, तो उन्होंने ही अखबारों में कहा कि क्यों बुलाया, कोई तैयारी क्यों नहीं की। इस प्रकार से दोनों तरफ से आक्रमण से बचने के लिए यह आवश्यक है कि प्रधान मंत्री जी की पहल का स्वागत करते हुए, इस हेतु उन्हें पूरा का पूरा समर्थन देना चाहिए। यदि सभी लोग चाहें, तो मैं समझता हूं कि कोई सार्थक बातचीत हो सकती है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Mr. Speaker, Sir, a very positive change in the Indo-Pak relations has been initiated on 8$^{th}$ April by the hon. Prime Minister through his speech in a meeting in Jammu & Kashmir, and an immediate response by the Prime Minister of Pakistan.

Throughout the world, in this country, in Pakistan and in the whole sub-continent, the peace-loving people are looking forward to positive results; great hopes and expectations have been raised.

My Party has welcomed the move; while welcoming the move, it has reiterated the position that we should hasten slowly; adequate and proper preparations should be made, as has been made amply clear by the hon. Prime Minister; and they should also be appropriately responded by the Pakistan Prime Minister. Sufficient preparation needs to be made so that the outcome of the Agra Summit is not repeated.

The Prime Minister of Pakistan has already elaborated eight bilateral issues which have been pending since the Agra Summit which were taken up at that time also, apart from important issues like the Kashmir issue and the cross-border terrorism. All sections of the House have condemned the cross-border terrorism. There cannot be two opinions on it. It should be stopped forthwith. The Pakistan Government also has a role in this. They should show to the world that they are sincerely interested in stopping that, dismantling the terrorist infrastructure, which was causing cross-border infiltration of terrorists and all other things.

But we still think that the talk should start without any condition, even while condemning the cross-border terrorism. Out of the eight bilateral issues that have been pointed out by the Pakistan Prime Minister, one relates to trade. I am just mentioning what the Deputy Chairman of the Planning Commission, Shri K.C. Pant had to say while he visited Islamabad in April, 2000. He said that trade among the SAARC countries account for less than five per cent of the total volume and it was corroborated by the Pakistan President also. He had emphasised the untapped potential.

While throughout the world there is growing blocks, even the Europeans, who were engaged in hundred years of war and conflicts, came together and formed the European Union. I am not saying that a few years from now, we can visualise 2020 vision , South Asian Region. If that comes out, it is most welcome. But, at least the bilateral relationship between India and Pakistan, the two most important countries in the sub-continent, who are members of SAARC, should improve. Economy of Pakistan is in shambles. You know our economic situation. How our industry has slowed down, agriculture is stagnant and we are facing all these problems. We, both the countries, have to spend a huge amount on Defence only. Trade is very important area. Sports is also welcome and can be taken up. More important is, people to people contact.

Members of the Pakistan Parliament are currently visiting India today. They are meeting the Leaders of important parties. There is an assurance that the Indian fishermen who are still in Pakistan prisons, may be released and we may also have rail, road and air links. The Government of India has already announced that a very distinguished diplomat has been put there, indicating how India is interested in upgrading and strengthening the diplomatic ties. The continuation of the confidence building measures requires a lot of caution. It requires not only preparedness but also a lot of caution because there may be interested groups either in Pakistan military or ISI, who had in the

past scuttled things. What happened only yesterday in Jammu and Kashmir? About 20 people have been killed. There may be attempts to scuttle this process because there are interested groups who do not want good friendly, neighbourly relations between India and Pakistan.

I am just making a mention to a very important commentary made in *The Asian Age* on 30th April. What does it say? The ISI-sponsored newspaper, *Khabrein,* a very reliable newspaper, a mouthpiece of the ISI reported on Monday that the United States was keen to place Kashmir under United Nations supervision. You may put in perspective what Collin Powell had been saying even in the midst of Iraq war. He has been saying that the most important agenda of his country is Jammu and Kshmir and it was published in the *New York Times* and was widely circulated. What has come out now in the ISI-sponsored newspaper, is that it says that the ultimate aim was to establish a nuclear free zone by getting India and Pakistan to dismantle their nuclear weapons and programmes. Before this, the Paper claims that both the countries will be asked to withdraw their forces from the LoC in phases with only a symbolic military presence being retained. The Kashmiris on both sides of LoC, according to the ISI organ, would then be asked to opt for total independence or given a choice to join India and Pakistan.

It is very recent. On 18th April, the Prime Minister's speech extended the hands of friendship and on 30th April, it was published about the most dependable ISI mouth organ.

Now, today Mr. Richard Armitage is visiting and he will come here also. I do not know what discussion took place between our National Security Adviser, Shri Brajesh Mishra and Mr. Richard Armitage. A few days back, they had a meeting in London. I would like to know from the hon. Prime Minister actually what for the National Security Adviser is going to the United States. Right now, he is visiting the United States after meeting Mr. Richard Armitage.

Now, today there was a news item in the *Asian Age*. The Prime Minister may disown it, if he so likes. It is about the American pressure on Government of India to initiate the peace process and further talks. Otherwise, a large number of people were totally confused. How could it be that a week back the Minister of External Affairs was speaking in one language and the NDA Convenor and the Minister of Defence was speaking in a very jingoistic language. After a few days, it was a total turn around. According to the news item the Prime Minister says:

> "He has still opposition in the Cabinet by making it clear to his colleagues that the choice before the Government was to initiate the peace process voluntarily or wait for the Americans to send down the message through direct statements and pressure. "

The Prime Minister may disown it, if he so likes. It is about only yesterday's Cabinet meeting that there is a difference within the Cabinet and the hon. Prime Minister tried to prevail on them. The game plan of America is well known. It is not that it is not known.

MR. SPEAKER: Shri Rupchand Pal, your time is over. We have constraint of time.

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, I am concluding. The imperialist factor is to be kept in mind. Yesterday, the Pakistan Prime Minister had spoken about a time frame of two months for adequate and proper preparedness. Is it possible? What is the response of the Government that it should not be years? It should be within the time frame of two months.

While we are supporting both the Governments' move to hasten slowly, it is a welcome move that Pakistan has specifically stated that they are interested in a composite dialogue, of course, including Jammu and Kashmir. Not only it is the opinion of the Government but also all party meeting of 4th of May supported the Pakistan Prime Minister. We want to know whether the Government has prepared any agenda or any time frame about re-calibrating the discussion to a successful end. But the dangers in the continuation is that there will be pressures. For the last five decades, America was not at all interested in the solution. At that point of time, whenever that issue came, there was a Soviet Russia. Now it is a unipolar world and they are threatening on small issues. So, their game plan will have to be understood. There may be move to scuttle the process but we should remember that the main responsibility − as we are a larger country and we are a democracy − is ours to see that we should be able to successfully come to such a conclusion that India do not fail in the offer that they have made. But the caution is that no third party intervention should be allowed on the relationship between India and Pakistan.

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) :** पाकिस्तान के प्रधान मंत्री श्री मीर जफरूल्ला खां जमाली ने कुछ दिन पहले आदरणीय प्रधान मंत्री जी को फोन करके चर्चा का सिलसिला शुरू किया। इस चर्चा से हम थोड़े से आशंकित हैं। जब पाकिस्तान के राट्राध्यक्ष मियां मुशर्रफ यहां आए थे, आगरा तक आए और बाद में आपस में बातचीत करके चले गए। उसके बाद भी हिन्दुस्तान में कई बार आतंकवादी घटनाएं हुईं । वहां जमाली साहब की क्या हैसियत है ? वे बहुत छोटे आदमी हैं जबकि हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी कितने बड़े हैं, हिन्दुस्तान भी कितना बड़ा है। हम नहीं चाहते कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी उनसे बात करें, हमारे विदेश मंत्री जी बात करें और बाकी मंत्री बात करें। हम मुशर्रफ के बारे में आशंकित इसलिए हैं क्योंकि आज वे अगर इधर बोलेंगे तो क्या उसके बाद सीमा पार से होने वाली गतिविधियों को कुछ कम करेंगे। पाकिस्तान के आई.एस.आई. एजैंट हिन्दुस्तान में घूम रहे हैं। मुम्बई में जो बम विस्फोट हुआ, उसे हम छोटा नहीं कहेंगे। भगवान की कृपा है कि उसमें केवल दो आदमी मरे और 27 घायल हुए थे। उनका ट्रेनर पी.एच.डी. पढ़ा हुआ था। संसद पर जो हमला हुआ, उस हमले की कल्पना जिसने रची

थी, वह भी पी.एच.डी. पढ़ा हुआ था। सारे हिन्दुस्तान में उनके इतने सारे एजेंट घूम रहे हैं। उनके पास अलग-अलग देशों की करैंसी होती है। हिन्दुस्तान की करैंसी भी उनके पास से मिली है। वे हिन्दुस्तान की गलत करैंसी छपवाकर उसे फाइनैंशियली डिनोमिनेट करने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तान का आतंकवाद खत्म होने वाला नहीं है। हमने एक बार टी.वी. में देखा कि पाकिस्तान औकूपाइड कश्मीर, जो हमारे हिन्दुस्तान का हिस्सा है, हम सब अखंड हिन्दुस्तान के प्रणेता हैं, सावरकर ने भी कहा था कि असल में सारा हिन्दुस्तान होना चाहिए लेकिन मैं कहूंगा कि कांग्रेस के राज में हिन्दुस्तान का थोड़ा हिस्सा चीन ने और कुछ हिस्सा पाकिस्तान ने औकूपाई कर लिया। वहां सारे आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जाती है जो आज भी चालू है।

मैंने आज का न्यूजपेपर देखा। आज यहां चर्चा होने वाली थी। आज आतंकवादियों ने किसी को नहीं मारा, कल-परसों तक मारा और इस तरह दस सालों में 35,000 लोग मर गए। दस सालों में 56,259 आतंकवाद की घटनाएं हुईं। अभी मुम्बई की पुलिस ने उनकी बहुत बड़ी साजिश को ढूंढ निकाला है। ठाणे के पास मुम्बरा में, परांजपे जी के चुनाव क्षेत्र में, उन्होंने साइनाइट से वैपन्स बनाने की पूरी लैब बनाई थी। पूरे महाराट्र के जितने भी वी.आई,पीज़ हैं, चाहे भारतीय जनता पार्टी के हों, कांग्रेस के हों, सबकी उन्होंने एक लिस्ट बनाई थी और पूरे हिन्दुस्तान में अराजकता फैलानी की उनकी प्लानिंग चल रही थी।

मैंने आपको बताया कि उन्होंने एक वी.सी.डी. कैसेट निकाली है जिसमें कहा गया है कि हिन्दुस्तान से जेहाद करो। वी.सी.डी. निकालने के बाद मुम्बई में बम विस्फोट हुआ। उस समय आपने गृह मंत्रालय को इसकी जांच करने का आदेश दिया। उसके बाद हमारे गृह मंत्रालय ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय के माध्यम से उस अभियुक्त को महाराट्र में मेरे संसदीय क्षेत्र में पकड़ा था।

आज भी उनकी गतिविधियां चालू रहने के बावजूद, हम मुशर्रफ और उनके प्रधान मंत्री से बातचीत करने के लिए तैयार हो रहे हैं। वहां की संसद के जो लोग हमसे मिलने के लिए आ रहे हैं, उन पर हम कब तक विश्वास रखेंगे, वे विश्वासपात्र लोग नहीं हैं। मैं कहूंगा कि उन पर हम कभी भी विश्वास नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने आज तक कई बार हमारे धार्मिक मंदिरों तथा कई अन्य जगहों पर हमले किए। कुछ समय पहले अक्षरधाम मंदिर और दूसरे मंदिरों में भी उन्होंने हमले किए। इतना ही नहीं, हिन्दुस्तान की सभागृह लोक सभा में भी 13 दिसम्बर को उनके द्वारा हमला किया गया। उससे पहले कश्मीर विधान सभा में भी हमले किए गए। शिवसेना का कहना है कि उनके साथ क्या चर्चा करें, उनकी गोली का उत्तर गोली से देना चाहिए। बाला साहेब ठाकरे हमेशा कहते हैं कि उन पर कोई भरोसा न करें। आज हम उनके साथ बात करेंगे लेकिन कल पता नहीं कहां हमला हो जाए क्योंकि पूरे देश में आई.एस.आई. के एजेंट घूम रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने बहुत बार कोशिश की कि युद्ध न हो। हमारी फौज आठ महीने बार्डर पर रही लेकिन आज भी सीमा पर आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है। रमज़ान के महीने में धार्मिकता के दृटिकोण से देश में कोई खतरा न हो, इसलिए प्रधान मंत्री जी ने भूमिका रखी थी कि रमज़ाम में सीज़फायर होना चाहिए, लेकिन उस समय भी हमारे यहां हमले हुए, कई जगह हमले हुए।

मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि उनके ऊपर भरोसा मत कीजिए। उन्होंने इतने बड़े देश पर हमला किया। आज मुलुन्द में बम विस्फोट हुआ। 11 सितम्बर को वर्ल्ड ट्रेड सैंटर पर हमला हुआ, जो लादेन ने करवाया था। वहां से भाग कर वह आज भी पाकिस्तान के आस-पास छिपा हुआ है। महाराट्र में जो स्मगलर्स हैं, जिन्हें फाइनैंशियल सपोर्ट करने वाले आतंकवादी कहा जा सकता है, दाऊद जैसे लोग भी वहां छिपे हुए हैं। अमरीका के बारे में हमारी भूमिका थी कि उसे इराक पर हमला नहीं करना चाहिए, वह उसे कैपचर करना चाहता है। पाकिस्तान के हमला करने पर भी अमरीका ने सहानुभूति जताई थी, इसलिए उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

कई पूर्व गृह मंत्री, पूर्व मुख्य मंत्री, पूर्व प्रधान मंत्री ने संबंध सुधारने के प्रयास किए लेकिन वे इसके लायक नहीं हैं। हम कहते हैं कि उनके साथ चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। 13 दिसम्बर को जब संसद पर हमला किया गया था, तब सब लोगों का कहना था कि हमें भी वहां हमला करना चाहिए, देश की सारी जनता प्रधान मंत्री जी के साथ है। इसलिए हम कहते हैं कि उनके साथ बातचीत करने की कोई जरूरत नहीं है और वे जैसा व्यवहार करते हैं, उनको वैसा ही उत्तर देना चाहिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच अच्छे रिश्ते हों, हमारी राय में पूरे देश की जनता यही चाहती है और पाकिस्तान की जनता भी यही चाहती है, लेकिन मुश्किल सरकार में बैठे हुए लोगों की आती है। अगर इसके लिए अच्छा माहौल बनाया जाए, रिश्ते अच्छे हों तो समाज वादी पार्टी इसका समर्थन करती है।

प्रधान मंत्री जी का जो प्रयास है, उसका हम स्वागत करते हैं। लेकिन कोई सार्थक नतीजा निकले, यह बहुत जरूरी है। लेकिन हमने शुरू में कहा कि कुर्सी पर बैठे हुए लोग अपने स्वार्थ को पहले देखते हैं चाहे पाकिस्तान हो या हिन्दुस्तान हो दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता है और अन्ततोगत्वा दोनों की दोस्ती के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। लेकिन दूसरी बात संक्षेप में हम यह कहेंगे कि इन अच्छे संबंधों को बनाने के लिए माहौल बनाना पड़ेगा। सांस्कृतिक स्तर पर तथा खेलों के माध्यम से। इसकी शुरूआत की जा सकती है। पाकिस्तान के कलाकार भारत आएं और भारत के पाकिस्तान जाएं।

यद्यपि हम क्रिकेट खेल के बहुत विरोधी हैं क्योंकि यह गुलाम देशों का खेल है लेकिन अगर इससे अच्छे संबंध हो सकते हैं तो दोनों देशों के बीच पुन: क्रिकेट खेलों को प्रारम्भ किया जाए। दो साल पहले हमने राय दी थी कुछ आपके साथी जो आपके साथ सरकार में हैं, उन्होंने हमारा विरोध किया था। हमने कहा था कि दोनों देशों की एक टीम बनाई जाए। अगर प्रधान मंत्री जी यह प्रयास करते कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के खिलाड़ियों की क्रिकेट की टीम एक हो तो दुनिया की कोई भी टीम उस टीम से नहीं जीत सकती। इससे बातचीत और दोस्ती की एक मजबूत नींव खड़ी होगी। हिन्दुस्तान के कलाकार पाकिस्तान जाएं और पाकिस्तान के कलाकार हिन्दुस्तान आएं और उनके बीच प्रगाढ़ संबंध सांस्कृतिक आधार पर आरंभ हों तो इससे एकता और दोस्ती की एक मजबूत नींव तैयार हो सकती है।â€¦ (व्यवधान)यह माहौल प्रारम्भ हो। (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** खैरे जी, सुनिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : जैसा अखबारों के माध्यम से प्रचार हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तान के प्रधान मंत्री जमाली साहब के बीच वार्ता होने जा रही है तो इस पर गंभारता से सोचना पड़ेगा। प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस संसद के प्रति उत्तरदायी हैं, देश की जनता के प्रति उत्तरदायी हैं। जबकि पाकिस्तान के प्रधान मंत्री जमाली साहब केवल पाकिस्तान के राट्रपति जनरल मुर्शरफ के प्रति उत्तरदायी हैं। आपका और जमाली साहब का कोई मुकाबला नहीं है। कोई समानता नहीं है । इस बात का कोई सार्थक नतीजा निकलने वाला नहीं है। अगर वास्तव में कोई सार्थक बात करनी है तो अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तान के राट्रपति जनरल मुशर्रफ के बीच बात होनी चाहिए तब तो कोई नतीजा निकलेगा नहीं तो नहीं निकलेगा। â€¦ (व्यवधान)कुर्सी बचाने की दोनों की राजनीति हो रही है तो वह अलग बात है। मुशर्रफ की कुर्सी को खतरा है और अटल जी की कुर्सी को खतरा है और उस कुर्सी को बचाने के लिए बातचीत शुरू कर दो, अगर यह नहीं है तो अटल जी और मुशर्रफ के बीच बात होनी चाहिए। नहीं तो जमाली साहब और अटल जी के बीच बातचीत का क्या मतलब है? जमाली साहब आपके सामने क्या हैं ? अटल जी और उनमें क्या समानता है ? अटल जी और उनमें क्या मुकाबला है? विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा जी को भेज दीजिए, तो शायद उनका मुकाबला हो सकता है, यही सही है। शुरुआत में ही आप पाकिस्तान को जिता रहे हैं। जितनी बार बातचीत हुई है, हमेशा हिन्दुस्तान ने बातचीत की शुरूआत की है।

**17.00 hrs.**

बातचीत की शुरूआत हमेशा हिन्दुस्तान ने की है जबकि पाकिस्तान ने हमेशा युद्ध थोपा है। युद्ध हमेशा हिन्दुस्तान जीता है। जब भी बातचीत हुई है, पाकिस्तान जीता है

और हिन्दुस्तान हारा है। अब हम आपको सावधान करना चाहते हैं। बातचीत हो, दोस्ती हो, इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है, यह भी हम स्वीकार करते हैं। इसका तरीका एक ही है कि दोनों देशों का एक महासंघ बनाया जाए, भले ही ढीला-ढाला बने। दोनों देशों की जनता के बीच महासंघ के लिए माहौल बनाना पड़ेगा। हम तो यहां तक चाहते हैं कि श्रीलंका , बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान सभी से अच्छे रिश्ते बनाने पडेंगें तथा प्रयास करने चाहिये तथा पाकिस्तान, हिन्दुस्तान बांग्लादेश को महासंघ बनाने का प्रयास करना चाहिये तथा माहौल बनना चाहियेâ€¦ (व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : लोहिया जी ने भी कहा था।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : लोहिया जी ने अखंड भारत नहीं कहा, उन्होंने महासंघ की बात की थी। भले ही महासंघ ढीला-ढाला बने, किसी भी देश की प्रभुसत्ता पर असर न पड़े, किसी की सॉवर्नेटी पर असर न पड़े। यह खतरा न तो पाकिस्तान की जनता को हो और न ही बांग्लादेश की जनता को हो। पाकिस्तान और बांग्लादेश की जनता को यह समझाया जाए, भारत की जनता तो समझ रही है। जब तक सरहदें खत्म नहीं होंगी, तब तक हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के सम्बन्धों का कोई सार्थक परिणाम निकलने वाला नहीं है। यह कोशिश करनी चाहिए और एक माहौल बनाना चाहिए।

प्रधान मंत्री जी, आपने एक बात कही, उससे मुझे बड़ा दुख और आश्चर्य हो रहा है। आपने कहा कि मेरे जीवन की यह अंतिम और आखिरी बात होगी। यह आपने क्यों कहा ? यह कहते कि हम जीवन भर प्रयास करते रहेंगे, तो बड़ी खुशी की बात होती। उनका यह बयान निराशा और कमजोरी का प्रतीक है जिससे यह स्पट होता है कि प्रधान मंत्री अपनी इच्छा से नहीं बल्कि किसी मजबूरी से बातचीत के लिए तैयार हुए हैं। इसमें कोई दबाव झलकता है या मजबूरी झलकती है। क्या मजबूरी है, क्या कमजोरी है, क्या दबाव है ? आपको कहना चाहिए कि हम पाकिस्तान और हिन्दुस्तान की जनता के हितों के लिए, दोनों देशों की दोस्ती के लिए जीवन भर काम करेंगे। लेकिन आपने कहा कि हमारी आखिरी बात होगी। इसमें आप उत्तर देते समय अभी संशोधन कर लें, तो अच्छा रहेगा। आप प्रयास करिए, हम सब लोग आपको पूरा समर्थन देंगे। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान में दोस्ती कराकर आप आएं, लेकिन हिन्दुस्तान के हितों की रक्षा करते हुए। ऐसा न हो जाए, हम आखिर में बताएंगे कि हमारी क्या आशंका है। भारत के स्वाभिमान के खिलाफ किसी प्रकार का समझौता हमें स्वीकार नहीं होगा । अपने देश के हितों को बचाते हुए हिन्दुस्तान और पाकिस्तान में दोस्ती के लिए समस्त विपक्ष आपको समर्थन देगा। लेकिन अखंड भारत को आप छोड़ दें। हम जब कहते थे कि महासंघ बने, तो आप नाराज होते थे। आपके गृह मंत्री आडवाणी जी, जो आज उप प्रधान मंत्री भी हैं, उन्होंने भी एक सार्वजनिक बयान में भारत महासंघ की बात कही थी। मुझे इस बात से खुशी हुई कि चलिए देर-सवेर आप हमारे रास्ते पर तो आए, समाजवादियों के रास्ते पर आए। डा. लोहिया से लेकर अभी तक हम सभी समाजवादी महासंघ की बात करते रहे हैं। अगर हम प्रयास करते रहेंगे तो एक दिन महासंघ अवश्य बनेगा, इसको रोका नहीं जा सकता। जब पूर्वी जर्मनी और पश्चिमी जर्मनी एक हो सकते हैं, तो हिन्दुस्तान और पाकिस्तान और बांग्लादेश भी एक हो सकते हैं। हमें इस बात पर कोई एतराज नहीं है, अगर ईमानदारी से इस पर प्रयास हो।

एक विदेशी ने दोनों देशों का बंटवारा किया, अगर कोई दूसरा विदेशी जिसकी नीयत सही हो, दबाव न दे, , दखलअंदाजी न करे तथा भारत के हितों के खिलाफ न हो तो हमें इस पर कोई एतराज नहीं है। इसमें हम कोई दकियानूसी बात नहीं करेंगे कि फलां-फलां देश का दबाव है, दखलअंदाजी है और वह ऐसा कर रहा है। एक ि वदेशी ने हमारे देश के दो टुकड़े किए और दूसरा विदेशी उनको फिर से एक करा दे, तो इससे बेहतर हमारे लिए क्या हो सकता है। इसलिए हम इससे सहमत हैं। हम चाहते हैं कि कोई भी यह काम कर दे और मजबूत दोस्ती हो, तीसरे पक्ष की कोई दखलअंदाजी न हो, तो इससे बेहतर रास्ता और कोई नहीं हो सकता। हम आप पर तीसरे देश का दबाव बर्दाश्त नहीं करेंगें । लेकिन हमें आशंका है जब यह दोस्ती होगी तो पाकिस्तान के मुठ्ठीभर कट्टरपंथी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। लेकिन पाकिस्तान को उन पर लगाम लगानी पड़ेगी। दूसरी तरफ हमारे देश के अंदर भी मुट्ठीभर कट्टरपंथी यहां के अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करेंगें और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप पाकिस्तानी कट्टरपंथी कोई न कोई समस्या खडी करते रहेंगें। वे भी पाकिस्तानी कट्टरपंथियों को मौका देंगे। वे त्रिशूल घुमा रहे हैं तो उनको मौका मिलेगा। इसलिए इन कट्टरपंथियों पर भी अंकुश लगाना पड़ेगा।

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : कहां पहुंच गए ?

**श्री मुलायम सिंह यादव :** सही कह रहा हूं, दोनों पर अंकुश लगाना पड़ेगा। अगर दोनों देशों में दोस्ती चाहते हो तो मुशर्रफ साहब को पाकिस्तान के कट्टरपंथियों पर अंकुश लगाना पड़ेगा और प्रधान मंत्री जी को भारत के मुट्ठीभर कट्टरपंथियों पर अंकुश लगाना पड़ेगा। मुट्ठी भर कट्टरपंथी जो त्रिशुल लिये घूम रहे हैं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने की खुलेआम घोाणा कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि हम पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे - ऐसे लोग माहौल बिगाड़ रहे हैं। क्या आप कह सकते हो कि हम पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे।â€¦ (व्यवधान)लाठी तो बुढ़ापे का सहारा है, लाठी जरुरी है, भगवान न करे कि आपको अभी से लाठी लेनी पड़े। â€¦ (व्यवधान)तलवार तो क्षत्रियों का अधिकार है। प्रधान मंत्री जी समाजवादी पार्टी आपका समर्थन करती है। यहां पर कोई भी दल ऐसा नहीं है जो दोनों देशों की दोस्ती का समर्थक न हो। आप पाकिस्तान से दोस्ती करेंगे तो हम पूरा साथ देंगे। सबकी यही राय है। आप दोस्ती कीजिए। इसलिए निराश मत होइये कि यह हमारे जीवन की आखिरी बातचीत होगी। आज के भााण में इसमें जरुर आप संशोधन कर लीजिए तो हमें खुशी होगी।

**अध्यक्ष महोदय** : मुलायम सिंह जी, आपका समय समाप्त हो गया है, अब समाप्त कीजिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : अध्यक्ष जी, मैंने आपके निर्देशों का हमेशा पालन किया है, मैं एक अनुशासित सदस्य हूं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मैं आपसे पूरी तरह से सहमत हूं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : इसलिए हम चाहते हैं कि अंकुश दोनों तरफ से लगे। मुझे पुरानी बातें नहीं कहनी हैं लेकिन एक बात जरुर कहना चाहता हूं। आप वहां जाइये, हमारी शुभकामनाएं हैं लेकिन वहां कुछ ऐसा करिये कि वापस कुछ लेकर आइये, गवांकर मत आइये। कहीं कश्मीर देकर मत चले आना।

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Mr. Speaker, Sir, on behalf of my party, I heartily welcome the initiative of the hon. Prime Minister. It is not only the Telugu Desam Party but the whole country, all the political parties, many peace-loving countries in the world including those in the sub-continent are also hailing the initiative taken by the hon. Prime Minister. This also includes Mr.Jamali.

India has two consistent policies − one is, there should be no third party mediation and the second is, cross-border terrorism should be stopped. Since Independence from Pandit Jawahar Lal Nehru to the present Shri Atal Bihari

Vajpayee, we have had a lot of experiences with Pakistan. Keeping in view those experiences, we have to act very firmly at present and with the conducive atmosphere, we have to make good preparations and decide at what level the talks should be resumed.

Now, what is the position of Mr. Jamali? He may be the Prime Minister of Pakistan but President Musharraf is the Army Chief; he is the CEO; he is the General; and he is everything. When the whole power vests with President Musharraf, what is the role of Mr. Jamali? So, for talks between India and Pakistan, the level should also be decided very cautiously. This is the wish of the people of this country. We have to maintain our dignity and decorum. India is a peace-loving country. We are maintaining good relations with the neighbouring countries. In this conducive atmosphere, we have to maintain all bilateral relations and even cultural relations. We should have people to people contacts. We have to restore the air link. If we restore all these things, a conducive atmosphere will prevail between these two countries. Then we can resume Joint Secretary level talks. Thereafter we can proceed step by step. This is my suggestion to the hon. Prime Minister and the Government of India.

The bottom line should be that at any cost we have to control infiltration and cross-border terrorism. After the dialogue also, infiltration is going on. Recently, two or three incidents have happened in Jammu and Kashmir. Our military killed many militants and even the militants killed some civilians. So, at every stage, we have to proceed very cautiously with the Prime Minister of Pakistan or their Army Chief. Even in the conducive atmosphere now, cross-border terrorism is continuing and infiltration is also continuing. For resumption of talks, that should be the bottom line.

We have a lot of past experience of terrorist attacks in our country like the attack on the Akshardam Temple in Gujarat, the attack on our Parliament, the attack on the Jammu and Kashmir Assembly etc. After the Prime Minister's visit to Lahore, Kargil conflict took place. After the Agra Summit, tensions mounted between the two countries and lakhs of soldiers reached the Line of Control. With this kind of experience, the Government should be very cautious in dealing with Pakistan.

Sir, all the people of this country and all the political parties in this country are supporting the Government and the Prime Minister in the Government's efforts in resuming the dialogue process with Pakistan. Our country's interest is paramount. Our people's interests and our country's sovereignty should be respected at any cost. We will extend our full support to the hon. Minister in maintaining dignity, decorum and sovereignty of this country.

SHRI ANADI SAHU (BERHAMPUR, ORISSA): Mr. Speaker, Sir, at the outset, I must thank Shrimati Sonia Gandhi for her speech which was without any recrimination or incrimination, but was full of ruminations which were punctured here and there because of subjective assessments.

Sir, in keeping with the quintessential traditions of India, the hon. Prime Minister had extended the hand of friendship and cooperation to Pakistan in 1999 and 2001. But look at the temerity of the then General that during the Lahore visit of our Prime Minister, he did not attend the function which was held there and that General later on became the President of Pakistan.

Sir, I would like to remind everybody, including the hon. Prime Minister, that we are dealing with a failed State, that is, Pakistan. Pakistan was built on hatred, incrimination and religious jingoism. It can never succeed and it can be quite evident if we read the history of Pakistan. We can see that out of 56 years of its existence, almost 30 years have been spent under military dictatorship, whether it was under Yahya Khan or Ayub Khan or Musharraf or their class. When there is no legitimacy for the power structure that has come up, naturally the dictator or the despot would try to bring in some extraneous factors to be in power and in Pakistan that is what is happening.

Sir, you will kindly agree with me that in an Islamic country there are two considerations. One is Darul Hurb and the other is Darul Islam. Darul Islam is a country which is governed by the Islamic people under the Islamic law and Darul Herb is a country which they would try to take over by whatever means possible, to win them over to the Islamic traditions. Unfortunately, India is being targeted as a country of Darul Herb and the despotic rulers of Pakistan have been training, funding and sending the *Jehadis* for the sole purpose of making a Darul Herb country a Darul Islam country.

Sir, *Jehad* is not a bad term. In the Quran, it means, 'purification of a soul', a good matter, but it has been converted into a religious fanatical order itself where money is brought in by *Jehad*. There are five principles in *Jehad*. One of the principles is *zakat*, where some money is given by the people for religious work and all that. In Pakistan, *zakat* is being utilised for funding *Madrasas* inside and outside the country..

You will kindly appreciate that at the time of Independence, India had only 137 *Madarsas*, now the latest enumeration shows that something like 5,325 *Madarsas* are there in India. Pakistan has some 50,000 Madarasas

Most of them have been funded by Zakat money which came through the Deoband and Wahabi Groups, which had splintered and gone to Pakistan and have been funding these Madrasas in India. You may not agree with me, but it is a fact. As I said, in a failed State, it is the negative aspect, which has been running the uppermost.

With your kind permission Sir, I would like to quote a paragraph from Mr. Stephen Cohen, Professor of Brooklyn Institute, USA. He said:

> "Pakistan was a case study of negatives. A State seemingly incapable of establishing a normal political system, supporting the radical Islamic Taliban and mounting Jehadi operations into India while its own economy and political systems were collapsing and international, religious and ethnic based violence were rising dramatically."

I am not going into the details of this. In this mindset, in this situation, we have to deal with Pakistan.

Sir, while dealing with Pakistan, I would like to quote an interesting factor. In the Thirteenth Century, a grammar and literary work was written by Vishwanath Kaviraj. It is called *Sahitya Darpan*. It was written in my State itself. Vishwanath Kaviraj has emphasised one thing about treaty and nullification of agreements. In that he has said:

"""""" अल्लावदिन नृपतः न संधि न च विग्रह "

Allauddin Khilji, Delhi Sultanate of Khilji dynasty, was the King at that time. In order to explain treaty and abrogation of agreements, that famous grammarian had said:

"""""" अल्लावदिन नृपतः न संधि न च विग्रह "

Do not have a treaty, do not cancel the agreements that you have made with them. Now, the present incarnation of Allauddin Khilji is General Musharraf.

I would urge upon the Government itself to be very wary of the overtures that are being made by Pakistan, in whatever manner it is possible. One has to be very cautious.

I would be very short, Sir, because you are looking at me. I could make it out. But I would say two things and in two minutes I will conclude my speech.

There are two alternatives. One alternative is, sanitise 50 kms. to 60 kms. of the area in the PoK, that is, Muzzaffrabad, Dunki and all those places which are the breeding grounds of the Jehadis, the Talibanis and all those people who come to India; cross-border terrorism and infiltration that have been taking place. That is a milder term of this. Or, we can take over PoK, as our friend has said, "it is quite necessary that we should take over PoK immediately".

Sir, before I conclude, I would like to quote a famous statement of Caligula, one of the Emperors of Rome. Caligula had said in Latin and I quote:

> "Ita feri ut se mori sentiat."

The English translation of it is, 'Strike him so that he can feel that he is dying'. That is the message, which should be given to Pakistan.

**श्री राशिद अलवी (अमरोहा) :** अध्यक्ष महोदय, आज हम जिस विाय पर चर्चा कर रहे हैं, वह बहुत अहम विाय है। मुझे बात ज्यादा कहनी है और वक्त बहुत कम है लेकिन मैं कोशिश करूंगा कि कम वक्त में अपनी बात कह सकूं। यह कोई पहला मौका नहीं है कि जब हिन्दुस्तान ने पाकिस्तान के साथ बात करने के लिए दावत दी और कहा कि हम तमाम मसायल पर गुफ्तगू करने के लिए तैयार हैं लेकिन मेरी कंसिडर्ड ओपिनियन है कि अगर किसी से दोस्ती करनी है तो यह समझना पड़ेगा कि दूसरा क्या चाहता है, उसका क्या करैक्टर है, हमारी दोस्ती हो सकती है या नही? हिन्दुस्तान की पाकिस्तान के साथ दोस्ती कोई हाकी का मैच नहीं है कि खेलते हुए हार जाएं तो कोई फर्क नहीं पड़ता और जीत जाएं तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की बातचीत अगर किसी नतीजे पर पहुंचती है तो हमें यकीनन आगे बढ़ कर पाकिस्तान से दोस्ती करनी चाहिए लेकिन मैं प्रधान मंत्री साहब से कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की आजादी के बाद से लगातार हम यह कोशिश करते रहे हैं

मैं प्रधानमंत्री जी की इस कोशिश का वैलकम करता हूं। यकीनन इनकी नीयत और बड़प्पन है कि एक बार फिर उन्होंने आगे बढ़कर हाथ मिलाने की कोशिश की है लेकिन सिर्फ हॉकी या क्रिकेट खेलने से या इकौनोमिक मैदान में आगे जाने से या सिर्फ कल्चरल प्रोग्राम करने से पाकिस्तान-हिन्दुस्तान की दोस्ती नहीं हो जाती। मुशर्रफ साहब का बयान आया है कि कश्मीर पाकिस्तान का पौलिटिकल असैट्स है। जो चीज उनकी असैट्स है, अगर वह खत्म हो जायेगी, फिर बाकी क्या रह जायेगा? जब तक कश्मीर का मुद्दा हल नहीं होगा, हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के रिश्ते ठीक नहीं होगे। मुझे कोई गलतफहमी नहीं है लेकिन पाकिस्तान अपनी आवाम के दबाव में है। पाकिस्तान में डैमोक्रेसी नहीं है। पाकिस्तान की आर्मी पाकिस्तानी प्रेज़ीडेंट, प्राइम मिनिस्टर से ज्यादा मजबूत है। पाकिस्तान की आई.एस.आई. पाकिस्तानी प्रजीडेंट से ज्यादा मजबूत है। जनरल मुशर्रफ बगैर आई.एस.आई. की मर्जी के अपनी फौजें एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकते। प्रधान मंत्री जी ने बस यात्रा की थी लेकिन जैसा आप जानते हैं कि उध्के चीफ ने वहां आने की ज़हमत गवारा नहीं की थी। यह सारी दुनिया जानती है। लेकिन मैं बड़े अदब के साथ माननीय प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जैसा वे लगातार कहते रहे थे कि जब तक क्रॉस बौर्डर टैरेरिज्म बंद नहीं होगा, दोस्ती की कोई बात नहीं हो सकती, क्या वह क्रॉस बौर्डर टैरेरिज्म खत्म हो गया? क्या हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाने की पेश आ गई? मैं जानना चाहता हूं कि अगर दुनिया में हिन्दुस्तान की इज्जत नहीं रहेगी तो कुछ अच्छा नहीं

होगा। कहीं ऐसा तो नही कि किसी बाहरी दबाव के अंदर आ रहे हैं। अभी अमरीका के फॉरेन मिनिस्टर ने कहा कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की बातचीत होगी लेकिन वक्त की कोई पाबंदी नही है। यह बात कहने वाला अमरीका कौन होता है?। क्या वे सारी दुनिया से कहना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की दोस्ती की बात अमरीका के इशारे पर हो रही है? मैं प्रधान मंत्री जी की नीयत पर शुबहा नहीं कर रहा हूं। मैं ऐसा कहना भी नहीं चाहता था लेकिन अमरीका जिस जुबान में बोलता है, उससे लगता है कि हम उनके दबाव में काम कर रहे हैं, अपनी साफ नीयत के साथ नहीं कर रहे हैं। वह हम पर दबाव डाल रहा है।

अध्यक्ष महोदय, मुझे याद है कि जब सरहदों पर पाकिस्तान का मुकाबला करने के लिये हमारी फौजें खड़ी थीं, हमने उन्हें पीछे हटाया था, तब अमरीका के फॉरेन मिनिस्टर भारत आ रहे थे। उन्होंने तब भी इसी तरीके का बयान दिया था कि हमने अपनी फौजें पीछे हटा ली हैं। हो सकता है कि सरकार ने अपनी स्ट्रेटेजी के हिसाब से फौजें पीछे हटाई हों लेकिन पूरी दुनिया में यह मैसेज चला गया कि हमने अमरीका के दबाव में फौजें हटा लीं, पाकिस्तान-हिन्दुस्तान के बीच माहौल ठीक करने के लिये हटा लीं। माननीय प्रधान मंत्री जी, आपकी जो स्ट्रेटेजी हो, हम आपके साथ हैं लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं कि किसी के दबाव में आकर कोई बात नहीं करनी चाहिये। पाकिस्तान के साथ जितने एग्रीमेंट हुये, चाहे शिमला एग्रीमेंट हो, ताशकंद एग्रीमेंट हो, कमोबेश सब की एक जुबान है। जब ताशकंद एग्रीमेंट हुआ, पाकिस्तान ने कहा कि वे यू.एन. चार्टर के मुताबिक काम करेंगेâ€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** प्लीज कनकलूड।

**श्री राशिद अलवी** : मुझे थोड़ा बोलने दीजिये।

**अध्यक्ष महोदय** : मुझे 6 बजे इस डिबेट को खत्म करना है और तब प्राइम मिनिस्टर का भााण होना है।

**श्री राशिद अलवी** : अगर आप कहते हैं तो मैं बैठ जाता हूं।

**अध्यक्ष महोदय** : अगर आप बोलते तो मुझे खुशी होती।

**श्री राशिद अलवी** : अध्यक्ष जी, पाकिस्तान ने कहा कि ताशकंद एग्रीमेंट के मुताबिक बातचीत होगी। पाकिस्तान ने कहा "Both sides will discourage any propaganda against both countries." शिमला एग्रीमेंट के अंदर बातचीत हुई "In accordance with the Charter of United Nations, they will refrain from the threat or use of force against territorial integrity." दूसरे उन्होंने कहा "Government will take steps within the power to prevent hostile propaganda against each other." ताशकंद एग्रीमेंट के बाद पाकिस्तान ने ऐसा प्रोपेगैंडा किया। शिमला एग्रीमेंट के बाद प्रोपेगैंडा किया और जहां तक कश्मीर का ताल्लुक है, शिमला एग्रीमेंट में साफ लिखा हुआ है कि "In Jammu & Kashmir, the line of control, resulting from the cease-fire of 17th December, 71 shall be respected." फिरकहां डिस्प्यूट रह गया है? शिमला एग्रीमेंट के अंदर लिखा हुआ है कि एल.ओ.सी. उसी एल.ओ.सी. को माना जायेगा "Line of control by both sides without prejudice to the recognised position of either side, neither side will seek to alter it unilaterally.

इसके बाद कहां गुंजाइश रह जाती है। यह मुमकिन नहीं है कि वहां दूसरी सरकार आ जाए, मुशर्रफ साहब आ जाएं तो वह अपनी दूसरी जबान बोलने लगें।

**अध्यक्ष महोदय** : अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री राशिद अलवी** : अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात खत्म करने से पहले कहना चाहता हूं कि शिमला एग्रीमैन्ट के बाद भुट्टो साहब यहां आये थे और स्टेट्समैन को उन्होंने जो इंटरव्यू दिया था, यह इंटरव्यू उन्होंने श्री कुलदीप नैयर को दिया था, उसकी दो लाइनें मैं कोट करना चाहता हूं। "What I say now is that you maintain your position and we maintain ours." जो कश्मीर आपके पास है, उसे आप मेनटेन कीजिए और जो कश्मीर हमारे पास है, वह हमें मेनटेन करने दीजिए। मैं आपसे अदब से कहना चाहता हूं कि अगर बात भी करनी है तो हमें इससे आगे बात करनी चाहिए, इससे पीछे नहीं जाना चाहिए। 1971 का शिमला एग्रीमैन्ट और वहां के प्रेसीडैन्ट के बयानात इस बात को वाजे करते हैं कि वे लोग इस पर राजी हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : श्री मणिशंकर अय्यर जी, आप बोलिये।

**श्री राशिद अलवी** : सर, इस तरह से मैं बोल नहीं पाऊंगा, मैं कंफ्यूज हो जाऊंगा। लिहाजा मैं अदब से सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि इस मामले में इंडो-पाक रिलेशनशिप की पूरी बात की इब्तदा बहुत सोच-समझ कर करनी चाहिए। ऐसा न हो कि आप आगे बात करने जाएं और वापस फेल होकर आ जाएं। अगर ऐसा होगा तो वह बहुत बदकिस्मत दिन होगा। इसलिए बात करने से पहले मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से आपकी इस पहल का खैरमकदम करता हूं। लेकिन यह पूरे हिन्दुस्तान की इज्जत का सवाल है, इसलिए आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि जाने के पहले, हाथ बढ़ाने के पहले हालात का गौर-व-खौस कर लेना चाहिए और इन सब पर गौर करने के बाद ही कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

**श्री मणि शंकर अय्यर (मइलादुतुरई) :** अध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के नाम में तो अटल जुड़ा हुआ है, लेकिन हिन्दुस्तान-पाकिस्तान रिश्ते के सिलसिले में हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी न तो अटल हैं और न अग्राही हैं। He is neither consistent nor persistent. जो श्रीनगर में कही उनकी बात थी, उसकी अहमियत यह थी कि उन्होंने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन साथ-साथ उस मंत्र को दोबारा उन्होंने नहीं जपा, जिसे हम पिछले तीन-चार सालों से सुनते आ रहे हैं कि सीमापार आतंकवाद बंद हो और आतंकवादियों के ढांचे का उन्मूलन हो। उन्होंने यह नहीं कहा, इसीलिए इसकी एक अहमियत है। उसके बाद दुनिया भर में हलचल मच गई कि भारत के प्रधान मंत्री कह रहे हैं कि हम दोस्ती करेंगे, हम चर्चा करने को तैयार हैं, लेकिन आतंकवाद की बात उन्होंने नहीं की। अब पता नहीं किस प्रकार का दबाव उन पर आया। लेकिन अगले दिन प्रैस कांफ्रैन्स में वहीं श्रीनगर में जिन शर्तों के बारे में अपने भााण में आप वहां बोले ही नहीं थे, उन्होंने उनका थोड़ा बहुत इशारा किया, जब वह प्रैस कांफ्रैन्स में बोले। उन्होंने आतंकवाद का जिक्र किया, लेकिन सीमा पार आतंकवाद का जिक्र नहीं किया। अब इसकी अहमियत यह है कि आगरा का शिखर सम्मेलन केवल इन ढाई शब्दों पर टूट गया - क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म। लाहौर डिक्लेरेशन में क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म के शब्द हैं ही नहीं। उसमें बताया गया है कि हम दोनों सहमत हैं कि आतंकवाद के जो भी फोर्म्स एंड मेनिफेस्टेशंस हों, उसका हम खंडन करते हैं। लेकिन क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म का कोई जिक्र नहीं है और इसीलिए प्रधान मंत्री जी को एक दिन कहना पड़ा कि कारगिल के बाद ही क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म शुरू हुआ, हमने अखबारों में पढ़ा, जबकि सारी दुनिया जानती है कि सीमा पार आतंकवाद अक्टूबर, 1947 से शुरू हो चुका है और बहुत तीव्र तरीके से भारत को इसका सामना करना पड़ रहा है। जिस दिन श्री वी.पी.सिंह हमारे देश के प्रधान मंत्री बने, तब से सारा हंगामा कश्मीर में हो गया। उस समय से, 13-14 साल से सीमापार आतंकवाद का हम सामना कर रहे हैं। आप लाहौर जाते हैं और क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म का जिक्र करना भूल जाते हैं और फिर इसी का बहाना बनाकर आगरा शिखर सम्मेलन को उन्होंने बिल्कुल तोड़ डाला औप अब हम समझते हैं इसमें कोई अहमियत होगी कि बार-बार यह कह रहे हैं कि सीमापार आतंकवाद को आप बंद कीजिए और आतंकवादियों के ढांचे का उन्मूलन कीजिए। अचानक यह कहना भूल जाते हैं, इसलिए भ्रम फैलता है और भ्रम से पैदा होती है शंका और अविश्वास।

अब देखिये जमाली साहब ने हमारे प्रधान मंत्री जी को 28 तारीख को फोन किया। प्रधान मंत्री जी ने इस सदन को बताया कि उन्होंने आतंकवाद की भर्त्सना की। स्वागत है। लेकिन जबकि उन्होंने आतंकवाद की भर्त्सना की, तब क्या हमारे प्रधान मंत्री जी ने उनसे पूछा कि इसमें क्रॉस बॉर्डर टैररिज़्म जुड़ा हुआ है या नहीं? जहां तक हमें पता है, प्रधान मंत्री जी दोबारा भूल गए इसको कहना। और इसलिए वहां खुशी होती है कि जो मंत्र हम जपते रहते हैं, उसको हमने छोड़ दिया है। जैसे ही प्रधान मंत्री अपना बयान खत्म करते हैं, वहीं के वहीं जो हमारे अफसरगण हैं, जो अभी हमारी बात सुन रहे हैं, वे कहते हैं कि ये भूल गए और एकदम हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता उठकर कहते हैं कि इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपना मंत्र भूल गए हैं, सीमा पार आतंकवाद को बंद कीजिए और आतंकवाद के ढांचे का उन्मूलन कीजिए। इस प्रकार से हम विदेश नीति को नहीं चला सकते हैं।

मुझे बहुत डर है कि आखिर रिचर्ड आर्मिटेज साहब यहां क्यों आ रहे हैं। 13 दिसम्बर को हमारी संसद पर बहुत बड़ा हमला हुआ। हमने कहा कि हमला पाकिस्तान की तरफ से हुआ है। हमने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादी आए और आई.एस.आई. तथा पाकिस्तान सरकार ने इनको भेजा और इस जम्हूरियत का जो गढ़ है हमारी संसद, इस पर उन्होंने हमला करवाया। अभी-अभी विजय कुमार मल्होत्रा जी मुझे याद दिला रहे थे, वे भी और मैं भी दुनिया घूमने के लिए गया और हर जगह हमने बताया कि पाकिस्तानियों ने यह किया है, क्योंकि हम दुनिया को प्रभावित करना चाहते थे इस इल्ज़ाम से। हमने एक तो अपनी फौज सीमा तक भेजी। भेजी और वापस ले आए। फिर हमने कहा कि हमारे हवाई जहाज़ वहां नहीं आएंगे। अब कह रहे हैं कि हवाई जहाज़ शुरू हो जाएं। हमने कहा कि समझौता एक्सप्रेस नहीं चलेगी। अब हम कहते हैं कि वह तो चलेगी। जिस बस पर हमारे वाजपेयी जी चढ़े, उसको हमने आई.एस.बी.टी. में कैद कर रखा है। अब कहते हैं कि उसको भी भेजेंगे। इस बीच में क्या सफलता हमने पाई है, सवाल यही है। और इसका जवाब मैं देना चाहता हूँ कि हम अमेरिका को प्रभावित करना चाहते थे कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है और वहीं से आतंकवाद शुरू होता है और इसका एक नमूना और सुबूत यह है कि इस जम्हूरियत के गढ़ पर पाकिस्तान ने आई.एस.आई. द्वारा आतंकवादियों को भेजकर हमला किया। अब यदि आप सी.आई.ए. की वैबसाइट देखें, मुझे पता नहीं, आपके अफसरान ने आपका ध्यान उस ओर आकर्षित किया है या नहीं, लेकिन सी.आई.ए. की वैबसाइट पर हम सब पढ़ सकते हैं, जॉर्ज टैनैट जो सी.आई.ए. के डायरैक्टर हैं, उन्होंने यू.एस. सीनेट इंटैलिजैन्स कमेटी के सामने यह बयान दिया है:-- 'The attack on the Indian Parliament was by the Kashmiri militants.'

इस साल के मार्च महीने में यह बयान दिया है। वह मानते ही नहीं है कि आतंकवादी पाकिस्तान से आए। वे कहते हैं कि आतंकवादी कश्मीरी थे। आपकी पूरी बात और आपकी कूटनीति करने का नतीजा यह निकला है कि सी.आई.ए. के डायरैक्टर सीनेट इन्टैलिजैन्स कमेटी में जाकर कहते हैं कि पाकिस्तानियों ने हमला नहीं किया, कश्मीरी आतंकवादियों ने हमला किया और मुझे यह भी नहीं पता कि भारत सरकार के इल्म में यह है या नहीं कि ऐसा बताया गया है। रिचर्ड आर्मिटेज -- सबको पता था कि वह हिन्दुस्तान आने वाले हैं। वह जाते हैं नेशनल डिफेन्स यूनिवर्सिटी अमेरिका में, उनको संबोधित करने के लिए और क्या कहते हैं? प्रधान मंत्री महोदय से मैं निवेदन करूँगा कि इसको जरा गौर से सुनें क्योंकि आप या आपके लोग उनसे 24 घंटे के अंदर मिलने वाले हैं। उनका यह कहना है:--

'India and Pakistan, with a thousand miles shared border and a 50-year history of enmityâ€¦'

उनको और कुछ नहीं दिखाई देता है, सिर्फ दुश्मनी ही दिखाई देती है :--

> "India and Pakistan, with a thousand miles shared border and a 50-year history of enmity, have a situation that is truly frightening when you add to the mix nuclear weapons outside the system of international constraints."

अध्यक्ष महोदय, क्या हमारे विदेश सचिव ने इसको पढ़ते ही, अमरीका के राजदूत को बुलाया और उनसे कहा कि आप हमें बताइए कि आपके जो परमाणु अस्त्र हैं, वे कौन से सिस्टम आफ इंटरनैशनल कंस्ट्रेंट्स के अंदर हैं। क्या पूछा ? हम कुछ कहते नहीं हैं। बस इस इंतजार में रहते हैं कि अमरीका आएगा और हमें बचाएगा।

महोदय, खतरा यह है कि पूरे 33 साल तक, वर्ा 1965 से लेकर 1998 तक, युनाइटेड नेशन्स की सिक्योरिटी कौंसिल में, जो सुरक्षा परिाद् है, उसमें जम्मू-कस्मीर का जिक्र हुआ ही नहीं। जम्मू-कश्मीर के बारे में दो शब्द 33 साल के दौरान, सन् 1965 से लेकर सन् 1998 तक, कहीं भी किसी प्रस्ताव में आपको नहीं मिलेंगे। वर्ा 1998 में, दिनांक 6 जून, 1998 की बात है, संयुक्त राट्र की जो सुरक्षा परिाद् है, उसका प्रस्ताव नंबर 1172 है, उसमें उन्होंने पहली मर्तबा कश्मीर का जिक्र किया। आपको उस दिन धमकी दी कि यदि आप पाकिस्तान के साथ समझौता नहीं करोगे, तो ठीक नहीं होगा। इराक में जो पिछले महीने हुआ है, उसको देखकर लगता है कि ऐसे प्रस्तावों को अमरीका तैयार रखता है और एन वक्त के इंतजार में रहता है कि जब हमें जरूरत पड़ेगी तब हम उसका इस्तेमाल करेंगे। जिस प्रस्ताव के आधार पर इराक पर आक्रमण हुआ है, वह कल या परसों का नहीं है, बल्कि 12-13 साल पुराना प्रस्ताव है।

महोदय, अब मुझे पता नहीं कि जब अमरीका के कहने पर एक प्रस्ताव हमारे सिर के ऊपर एक तलवार की तरह लटक रहा है और आपसे मिलने के लिए जो मेहमान कल आ रहे हैं, वे यहां आने से पहले नैशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी में जाकर कहते हैं- "add to the mix, nuclear weapons outside the system of international constraints" मैं जानना चाहता हूं कि आपके बृजेश मिश्र जो किसी जमाने में हमारे हुआ करते थे, क्योंकि वे हमारी भी विदेश सेवा में ही थे, लेकिन अब वे आपके बन गए हैं, उनको हिन्दुस्तान से लन्दन भागने की क्या जरूरत है, क्या उन्होंने उनको वहां के वहां गले से पकड़ कर कहा कि ऐसी तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई कि तुम इसके बारे में बात करते हो, या उन्होंने घुटने टेके ? इसका जवाब हम आपसे चाहते हैं, क्योंकि न भूलिएगा अमरीका के स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है,â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Mani Shankar Aiyar, please conclude.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He may continue for a few more minutes. Please do not misunderstand me. We have fixed two hours in the Business Advisory Committee for this discussion and there are some more hon. Members who want to speak. That is what I was saying.

**श्री मणि शंकर अय्यर :** अध्यक्ष महोदय, हालांकि यू.एस. स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है कि इसमें कोई तत्व नहीं है, जबकि हम इस माहौल में, इस परिस्थिति में देखते हैं कि जिस आदमी ने इराक पर आक्रमण कर उस पर कब्जा किया है। जनरल गार्नर ने पाकिस्तानियों को बताया है, हमें नहीं। क्योंकि यह खबर पहले इस्लामाबाद में आई कि 2004 दिसम्बर तक यदि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने समझौता नहीं किया, तो हम देखेंगे कि क्या होगा। अब यदि जनरल गार्नर ने ऐसा कुछ कहा होगा, तो हम कहते कि फौजी है, कहने दो, लेकिन एक पुराने अमरीकन फौजी हैं जिनका नाम है कोलेन पॉवेल, वे हैं आज के विदेश मंत्री, यू.एस. सैक्रेट्री आफ स्टेट। जैसा हमारे विदेश मंत्री ने प्री-एम्पटिव स्ट्राइक की बात कही, जिसकी प्रशंसा हमारे प्रो. वी.के. मल्होत्रा कर रहे थे, उनका बयान निकला, वहां की वहां कॉलेन पॉवेल ने 31 मार्च को कहा कि- "India-Pakistan is in the broader agenda to which the US plans to go back after Iraq." वे 31 मार्च को यह

कहते हैं। दो दिन के बाद गार्नर यह कहते हैं। उसके चार दिन बाद जॉर्ज टैनेट वहां जाकर कहते हैं। एक साहब, मिस्टर ब्लैक हैं।

यह एम्बेसेडर ब्लैकविल नहीं हैं, ये तो दिल्ली में हैं, लेकिन यूएस स्टेट डिपार्टमेंट की नीयत साफ नहीं है, इसलिए सब का नाम ब्लैक है। ये जो एम्बेसेडर ब्लैक हैं, ये स्टेट डिपार्टमेंट के कोआर्डीनेटर पर काउंटर टेरेरिज्म है। इन्होंने एक रिपोर्ट अभी-अभी निकाली है। आप देखें कि ये कौन हैं - He is the coordinator for counter-terrorism. यहीसबसे ज्यादा अहमयित इस काम में रखते हैं और इन्होंने अपनी रिपोर्ट, अभी जो यू.एस. सीनेट में पेश की है, उसमें इन्होंने कहा है -

"It is necessary to exercise the maximum restraint in dealing with Pakistan." "

Department of State, the Coordinator for counter-terrorism, Ambassador Black's official statement in front of the U.S. Parliament, U.S.Senate. He says, "Please exercise the maximum restraint in dealing with Pakistan".

महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि क्या आपके विदेश मंत्रालय ने वहीं के वहीं अमेरिका के राजदूत को बुला कर उनसे पूछा। इसका मतलब क्या बनता है, आप कह रहे हैं कि विश्वभर में हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और सबसे ज्यादा आतंकवादी राज्य पाकिस्तान है, उसके साथ हम मेक्सीमम रिस्ट्रेंट की नीति रखेंगे। क्या किसी ने ऐसा कुछ पूछा है। अभी एक मई को हिन्दू अखबार में सी. राजामोहन का ब्रिटेन के हाई कमिश्नर, सर रोब यंग के साथ इंटरव्यू छपा है। उसमें ये कहते हैं - "We will continue to work with Pakistan to end cross-border terrorism." हमारे साहू साहब चले गए हैं, वे पुलिस में थे। अभी वे कह रहे थे कि वे किसी को कैद में लें और उनसे कहें कि हम आपके साथ काम करना चाहते हैं या आपके खिलाफ काम करना है, पाकिस्तान के साथ कर रहे हैं या उनका साथ दे रहे हैं या उनके खिलाफ जा रहे हैं या उन पर दबाव डाल रहे हैं। दबाव तो हम पर लग रहा है, वे तो बड़ी खुशी से रह रहे हैं। इसलिए मैं अपने मित्र मुलायम सिंह यादव जी से कहना चाहूंगा, जो हमारे हमशक्ल हैं, मैं आपसे अनुरोध करता हूं, बड़ी खुशी की बात है कि आप कहते हैं कि विदेशियों ने हमें जुदा किया, इसलिए विदेशी आएं और हमें जोड़ें, मैं मानता हूं लेकिन एक शर्त पर,â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** इसमें आप संशोधन करें। अगर वह दखलअंदाजी नहीं करता है, उसकी नीयत साफ है तो दोस्ती करा दें, यह कहा है।â€¦ (व्यवधान)

**श्री मणि शंकर अय्यर :** इसीलिए मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आप भी उसी विरासत के हैं, जहां से मैं हूं। अभी मैं आपके सामने एक चिट्ठी का जिक्र करना चाहता हूं, जो कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने प्रेसीडेंट जोन एफ केनैडी को 24 अप्रैल, 1963 को उनके देहांत के एक महीने पूर्व लिखी थी। उन्होंने कहा - "Intervention by third persons, if quiet, unobtrusive and objective, might have been helpful." (नेशचल्य, अधरिट, निपक्ष और तटास्थ), आप मुझे बताइए कि जिस तरीके से अमेरिका की तरफ से बयान आ रहे हैं, यह क्या नेशचल्य है, अधरिट है, इसमें आपको निपक्षता नजर आती है, ये तटास्थ है, जब कि नहीं है तो बहुत जरूरी है कि आप हमें दोबारा बार-बार यह न बताते जाइए कि आप किसी के दबाव के नीचे पिसेंगे नहीं, मैं मानता हूं कि आखिर आप अटल तो हैं ही। लेकिन जब ऐसा सब हो रहा है और हम उनके सामने उनके दरवाजे तक भाग रहे हैं, उन्हें यहां अंदर आने की इजाजत दे रहे हैं तो मुझे लगता है कि शिमला पर बहुत बड़ा खतरा है।â€¦ (व्यवधान)

महोदय, अंत में मैं यह कहना चाहता हूं, क्योंकि अंत का समय आ गया है और जो कुछ भी मुझे कहना है वह मैं प्रधानमंत्री जी को लिखित में भेज दूंगा। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हू कि मनोवृत्ति की बात दो पक्षीय है। विजय जी, उनकी मनोवृत्ति को हमें समझने की जरूरत है, लेकिन हमें अपनी मनोवृत्ति को भी बदलना पड़ेगा। यह नहीं कि केवल वे बदलें और आप वैसे के वैसे रहें। यह बहुत ही आवश्यक है कि हम चर्चा शुरू करें, मैं यह नहीं कह रहा हूं और मैंने आपसे तभी कहा था कि बहुत बड़ी गलती की है कि आप लाहौर गए और आपने आगरा शिखर सम्मेलन बुलाया, लेकिन ऐसे आप शिखर तक नहीं पहुंच पाओगे।

जब तक कि शेरपा बोझ को अपने कंधे पर उठाकर आपके पहले आगे न जाये। ये विदेश सेवा के लोग कर क्या रहे हैं,अगर अंडर सैक्रेट्री का काम प्रधानमंत्री जी करने लगें? यह क्या अजीबोगरीब परिस्थिति है कि ड्राफ्ट्स के साथ हमारे प्रधानमंत्री जा रहे हैं और कह रहे हैं कि क्रास को निकाल दो, बोर्डर लगा दो। यह क्या प्रधानमंत्री का काम है? यह क्या विदेश मंत्री का काम है?* â€¦ (व्यवधान)Sir, my very last sentence.

आप सुदृढ़ रहिये कि हां, बेशक हम चर्चा शुरू करेंगे, लेकिन जो वार्तालाप नीचे के स्तर पर, निचले स्तर पर शुरू होगा, वह निर्विघ्न और निर्व्यवधान रहेगा। It must be uninterrupted and uninterruptable. जब तक कि आपकी बातचीत जारी न रहे, चाहे जो भी आतंक हो, जो भी हो। जिस तरह से अमेरिका और ि वयतनाम के बीच में होटल मैजेस्टिक, पेरिस में हर गुरुवार के दिन 1969 से लेकर 1975 तक, जब तक कि उन्होंने समझौता किया, उनकी बातचीत जारी रही, जबकि वे एक दूसरे पर बम फेंक रहे थे। जिस तरह से नोर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के बीच में पानमुनजोम में 1953 से लेकर आज तक 50 र्वा से बातचीत हो रही है, क्योंकि जो निगोशिएटिंग टेबल है, वह सीमा पर ही है। नोर्थ कोरिया को नोर्थ कोरिया नहीं छोड़ना पड़ता है, साउथ कोरिया को साउथ कोरिया नहीं छोड़ना पड़ता है। वे एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं। इस प्रकार का वार्तालाप हो, तब तो हम सफलता पाएंगे। लेकिन बदलती करवटों के साथ हम सो भी नहीं सकते हैं और वे बेचारे भी चैन से नहीं सो सकते हैं। इसके लिए अनुरोध बस यह है कि यदि आप वाकई पाकिस्तान के साथ दोस्ती चाहतेहैं तो उस दोस्ती के लिए आप वार्तालाप शुरू कीजिए और मत भूलिये कि यदि पार्टीशन न होता तो वे हमारे सहनागरिक होते। मैं गर्व से कहता हूं कि मैं खुर्शीद कसूरी को पिछले 42 साल से जानता हूं, जब मैं लाहौर जाता हूं तो वे ही मेरे मेजबान होते हैं। मैं क्यों न आज कहूं कि चूंकि मैं उस व्यक्ति को 42 साल से जानता हूं, इसलिए मैं जानता हूं कि उस व्यक्ति के साथ बातचीत हो सकती है और आप उसका मजाक उड़ा रहे हैं।

MR. SPEAKER : Any reference to the officers sitting in the Official Gallery will be deleted and expunged.

* Expunged as ordered by the Chair.

**17.48 hrs.**

SHRI S.S. PALANIMANICKAM (THANJAVUR): Thank you, Sir. On behalf of my party, the DMK, I wholeheartedly

welcome the initiative taken by the hon. Prime Minister. We are the pioneers of the world peace. We are having very good relations with most of the countries in the world like America, South America, England, Australia and other countries. But, what about our relations with our neighbours? Our relations with the neighbouring countries are not so healthier ones.

Our major expenditure is defence expenditure. When our neighbours increase their defence expenditure, we are forced to increase our defence expenditure. Fortunately, naturally we are surrounded by sea on three sides.

Otherwise, our defence expenditure would be more. We can change our friends, but we cannot change our neighbours. I would request our hon. Prime Minister to continue this effort, and on behalf of DMK Party, I wish every success in this move.

MR. SPEAKER: Now, Shri P.H. Pandian will speak. I want all Members to speak only for two minutes now. At six o'clock, the Prime Minister will address the House.

SHRI P.H. PANDIAN (TIRUNELVELI): Mr. Speaker, Sir, thank you very much for giving me the opportunity to participate in the discussion on Indo-Pak relations on behalf of AIADMK Party.

When the Prime Minister of Pakistan telephoned our Prime Minister about resumption of talks, was it after the Statement issued by the Defence Minister, Shri George Fernandes, that Pakistan is a fit case for pre-emptive attack? The Minister of External Affairs also in his own way said that Pakistan is a fit case for attack without UN support. I want to know whether it was after these two Statements. We cannot forget the killings of *Pandits* in Jammu and Kashmir by ISI agents. A terrorist is still lodged in Jammu jail who had killed about 150 families of *Pandits*. He pulled them all out of their houses, asked them to stand one by one in one line and shot dead everybody. He appeared on television in 1999 saying that he had killed all those *Pandits*. Sir, that is continuing even today. Some of the *Pandits* were killed last month. When there is continued killing, this resumption of talk has come by way of a hand of friendship to India.

Sir, India is a peace loving country. We have adhered to the principle of non-violence and non-aggression and the policy of Panchsheel. The meeting of Pakistani President with our Prime Minister at Agra was discussed here at all-party meeting and also in this House. That has not yielded any result. Now, after all the happenings, the Pakistani Prime Minister, most probably with the consent of the President Musharraf, would have talked to our Prime Minister for resumption of talks, perhaps after the attack on Iraq by US.

Sir, we must understand whether it is a *bona fide* act of Pakistan to come for resumption of talks. Our Prime Minister, a great Parliamentarian and a Diplomat, as elected Prime Minister met the President of Pakistan at Agra. So, we must be careful in resuming talks. We are here to buy peace. What about the Line of Control? I want to know whether Pakistan has accepted that. What about PoK? I want to know whether Pakistan is going to come with that proposal for resumption of talks. What about stopping of activities of ISI? I want to know whether they will concede to the demand of India.

Sir, the most important factor is that the Government of India had given a list of wanted criminals to the President of Pakistan at Agra. I want to know whether they have conceded to hand over all the 181 criminals to India, including Dawood Ibrahim. Sir, you yourself hail from Mumbai. The accused in Mumbai bomb blast case, Dawood Ibrahim, is still at large. He has not been handed over to India. When the property of Dawood Ibrahim was auctioned in Mumbai, there were no takers for that property.

Will the Prime Minister of Pakistan allay these fears and hand over all the criminals wanted by India? Has he agreed to hand over them to India? They should be dealt with according to law. Dubai has handed over some of the wanted criminals. This issue must be on the top of the agenda.

Give me two minutes Sir. It is an international issue. It is not a local issue. Even for reading "Matters under 377" we take two minutes.

MR. SPEAKER: I have now given you three minutes.

SHRI P.H. PANDIAN : It is an international issue, and a boiling issue. Sir, I will conclude in one minute.

MR. SPEAKER: I have no objection to sit even up to 9 o'clock, but the hon. Prime Minister has got another appointment.

SHRI RASHID ALVI (AMROHA): It is a very important issue. More time should have been allotted for this discussion.

MR. SPEAKER: For everything there is a time limit. Every issue is important. This issue has already been discussed four times in the House.

SHRI P.H. PANDIAN : I will ask the Prime Minister to resume the talks peacefully, and Pakistan should reciprocate *bona fide*.

Hon. Prime Minister, you must be very cautious with the present Prime Minister of Pakistan. They are all having a diabolic attitude. They do not have the democratic attitude of our Prime Minister and the parliamentarians.

I would request the Prime Minister to negotiate on behalf of India with Pakistan and get peace for our country. We are buying peace. They are not buying peace. They are our aggressors. They are not going to stop the aggression. Their policy is not one of non-aggression. The aggressive attitude of Pakistan should be stopped, at least, by resuming these talks.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, आपने पहले ही समय तय कर दिया।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मैंनेसबको दो मिनट का समय ही दिया है।

**श्री प्रभुनाथ सिंह** : मैं चाहूंगा कि आपके दिए हुए समय के अंदर अपनी बात समाप्त कर लूं। हम कोई लम्बा-चौड़ा भााण नहीं देना चाहते, हम प्रधान मंत्री जी से सिर्फ अपने मन की शंका बताना चाहते हैं। प्रधान मंत्री जी, अगर वार्ता से दोस्ती हो जाए तो इससे अच्छा कोई काम नहीं हो सकता। यह चर्चा कश्मीर पर आपके बयान और पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से दूरभाा पर वार्ता के बाद चली। हम इसकी सराहना करते हैं। आप जब से प्रधान मंत्री बने हैं, आपने हमेशा पाकिस्तान से दोस्ती का प्रयास किया है। आप बस में चढ़ कर लाहौर तक गए लेकिन बदले में कारगिल का युद्ध मिला। आपने आगरा में शिखर वार्ता की लेकिन बदले में कश्मीर ि वधान सभा पर हमला मिला, बदले में अक्षरधाम पर हमला मिला, बदले में प्रजातंत्र को, सबसे बड़े पंचायत मंदिर पर हमला मिला, यानी आपने दोस्ती का हाथ बढ़ाया लेकिन आपको बदले में धोखा मिला। हम सिर्फ अपनी यह शंका जाहिर करना चाहते हैं कि आप दोस्ती के लिए प्रयास कीजिए, दोस्ती हो, इससे बड़ी खुशी की कोई बात नहीं होगी लेकिन बदले में फिर कोई नया धोखा न हो, कोई ऐसी साजिश न हो, इस बारे में सावधान रहिए क्योंकि आपके साथ इस देश का फीता जुड़ा हुआ है, देश का एक-एक व्यक्ति आपके ऊपर भरोसा किए हुए है, सदन भी सर्वसम्मत होकर आपको विश्वास दिला रहा है कि आप कदम बढ़ाइए, हम आपके साथ हैं।

इस समय देहात में एक चर्चा चल रही है कि एक बार जो गलती करता है, उसे अंजान कहते हैं, दूसरी बार जो गलती करता है, उसे हैवान कहते हैं, तीसरी बार जो गलती करता है, उसे शैतान कहते हैं और जो बार-बार गलती करता है, उसे पाकिस्तान कहते हैं। हम जानना चाहते हैं कि जो बार-बार की गलती को भूल जाए, क्या उसी को हिन्दुस्तान कहते हैं? हम प्रधान मंत्री जी से निवेदन करेंगे कि बार-बार की गलती को आप अपने मन में जरूर बिठा कर रखिए और दोस्ती का हाथ बढ़ाइए। अगर आपको विश्वास हो कि आप जिस मकसद से दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं, अगर आपको कामयाबी हासिल होती है और आप बाहरी आतंकवाद को रोकने में कामयाब होते हैं, पाकिस्तान द्वारा इस देश की अर्थव्यवस्था को तोड़ने-मरोड़ने में आई.एस.आई. द्वारा जो साजिश की जा रही है, अगर आप उस पर अंकुश लगाने में कामयाब होते हैं तो दोस्ती का हाथ जरूर बढ़ाइए, हम सब आपके साथ हैं।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** अध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी ने दर्जनों बार घोाणा की कि पाकिस्तान पहले क्रास बार्डर टैरोरिज़्म खत्म करे तब वार्ता होगी। लेकिन हम देख रहे हैं कि कल तक मार-काट जारी थी और हमले हो रहे हैं, आतंकवादी कार्यवाही, क्रास बार्डर टैरोरिज़्म जारी है।

**<u>18.00 hrs.</u>**

भारत पाक के बीच में कोई नयी परिस्थिति नहीं आई है। अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थिति बदली है कि अमरीका ने इराक पर हमला किया और उसे बर्बाद किया, यह परिस्थिति बदली है। अब प्रधान मंत्री जी ने जो अचानक बयान दे दिया और दोस्ती का हाथ ही नहीं पैर भी बढ़ा दिया कि यह दोस्ती हो, वार्ता हो तो क्या क्रॉस बॉर्डर टैरेरिज्म खत्म हुआ या क्रॉस बॉर्डर टैरेरिज्म कम हुआ अथवा पाकिस्तान के मन में भी है कि क्रॉस बार्डर टैरेरिज्म खत्म हो जाए तब वार्ता होगी या फिर वार्ता के बाद यह खत्म होगा? क्या बात है कि यह परिवर्तन आपकी स्टैंड में हुआ है? चैंज ऑफ स्टैंड अचानक क्यों हुआ ? यह हम लोगों के मन में आशंका पैदा करती है। इसी से हमारे मन में यह आता है कि कहीं किसी दबाब में तो यह काम नहीं हो रहा है। आपकी स्टैंड में परिवर्तन हुआ है और बार-बार बयान दिया गया कि क्रॉस बॉर्डर टैरेरिज्म खत्म करेंगे तो हम वार्ता करेंगे और वार्ता के लिए सारी तैयारी हो गई है, अफरा-तफरी मची हुई है। यह तो एक बात है।

दूसरी बात यह है कि मुलायम सिंह यादव जी ने जो बोला। इतने अनुभवी आदमी कह रहे हैं कि विदेशी हमको जुड़वा देगा। विदेशी ने तो बंटवा दिया तो विदेशी आकर फिर क्यों जुड़वा देगा? डा. लोहिया ने जिस समय यह कहा था कि भारत पाक महासंघ हो। उस समय बंगलादेश नहीं था। टूट गया पाकिस्तान। बंगलादेश हो गया। भारत पाक बंगलादेश महासंघ हो, हम इससे सहमत हैं लेकिन भारत पाक बंगलादेश महासंघ हो या तीनों देशों के बीच वार्ता हो या एका हो या दोस्ती हो तो दुनिया में कोई भी विदेशी ताकत उसे बर्दाशत करेगी कि भारत पाक के बीच में झगड़ा खत्म हो जाए और दोस्ती हो जाए? कैसे अनुमान लगा लेते हैं? कितने उत्साही और सहज ढंग से आप सोच लेते हैं कि विदेशी आकर एकजुट करा देगा, वार्ता करा देगा, समझौता करा देगा? इसीलिए सभी सावधान हो जाओ। किसी तीसरी पार्टी का इंटरवेंशन हम सहन नहीं कर सकते। अमरीका को देख रहे हैं कि वह चाहता है कि दुनियाभर में आतंकवाद खत्म हो। सभी ने उनका समर्थन किया लेकिन पाकिस्तान में पाकिस्तानी आतंकवाद के मामले में अमरीका का हम दोहरा मापदंड देखते हैं। इसलिए हमें सावधान रहना चाहिए और यह वार्ता शुरू हो गई है, वार्ता की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वार्ता से कोई परिस्थिति नहीं निकलेगी जिससे हम आशांवित हैं। लेकिन यदि समय काटने के लिए प्रधान मंत्री जी जा रहे हैं तो वार्ता हो लेकिन मुझे इस वार्ता से कोई अपेक्षा नहीं लगती। चूंकि पाकिस्तान की मनोवृत्ति में कोई परिवर्तन आया है या उसके रवैये में कोई परिवर्तन आया है, इसका कोई लक्षण हमें नहीं दिखता। इसलिए हम इससे बहुत आशांवित नहीं हैं लेकिन डिप्लोमैसी की बात है और डिप्लोमैसी में यदि यही प्रक्रिया ठीक है तो वार्ता करें लेकिन देश की जनता के मन में शंका है और आप उसका निवारण करें कि चैंज ऑफ स्टैंड क्यों हुआ ? वार्ता में जो पूर्व में गड़बड़ी हुई थी, उसको न दोहराया जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : जो सवाल आपने यहां कहा,â€¦ (व्यवधान)हमने तीन बातें कही कि एक तो देश का हित न टकराए, दखलंदाजी न हो और नीयत खराब न हो तथा हमारे देश के हित का ध्यान रखा जाए। सोच-समझकर कहिए। गांव में भी और मौहल्ले में भी पंचायत होती है तो तीसरा आदमी कुछ न कुछ बात करता है। अब वह दकियानूसी बात छोड़िए।â€¦ (व्यवधान)हम लोग समाजवादी लोग हैं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मुलायम सिंह जी, वह आपकी बात समझते हैं।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) :** अध्यक्ष महोदय, मैं मणि शंकर जी को सुन रहा था। जब वह बोल रहे थे तो मुझे पता नहीं चला कि वह सर्प की मणि हैं या शंकर की मणि हैं। वह कह रहे थे कि कश्मीर की समस्या वी.पी.सिंह की सरकार के वक्त से ही पैदा हुई है। क्या वह भूल गए कि कश्मीर की समस्या उस समय पैदा हुई जिस समय फारूख अबदुल्ला की बहुमत प्राप्त सरकार को गिराकर जी.एम.शाह की सरकार बनाई गई और उसके बाद कश्मीर की समस्या की जो यह वर्तमान स्थिति है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह मैं बताना नहीं चाहता हूं।

महोदय, बार-बार यह कहा जाता है कि प्रधान मंत्री दबाव में है। अभी मैं अपने मित्र रघुवंश बाबू को सुन रहा था, वह कह रहे थे कि विदेशी दबाव में ये सारी बातें हो रही हैं। एक तरफ तो वह कहते हैं कि विदेशी दबाव हमें एक नहीं होने देगा और दूसरी तरफ वह कहते हैं कि विदेशी दबाव में यह वार्ता हो रही है। अगर विदेशी दबाव है तो वह एकता के लिए नहीं होता। इसमें विदेशी दबाव नहीं है इसलिए हम आगे कदम बढ़ा रहे हैं। मैंने प्रति पक्ष की नेता को और अन्य सदस्यों को भी सुना। सब लोगों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। इसके लिए मैं सबको धन्यवाद देना चाहता हूं। पाकिस्तान के साथ वार्ता हो, इसका सभी ने समर्थन किया है। निश्चित तौर पर जब हम पाकिस्तान के साथ वार्ता की चर्चा करते हैं तो हमें इतिहास को भी याद रखना पड़ेगा। चाहे पाकिस्तान का सवाल हो या बांग्लादेश का स वाल हो या हिन्दुस्तान का सवाल हो, इसे अन्य देशों के साथ नहीं जोड़ा जा सकता। एक तरफ कहा गया कि आप वार्ता करें, लेकिन फूंक-फूंक कर मजबूती से कदम उठाएं। याद रखिए, ये दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं। कभी कहा जाता है कि आपने टेलीफोन पर पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से क्या वार्ता की, क्यों बृजेश मिश्र अमेरिका चले गए। मैं कहना चाहता हूं कि नीति पर चर्चा होती है, रणनीति पर नहीं होती। अगर हर कदम पर चर्चा हो, तो उससे कुछ हासिल नहीं होगा। आप अपने प्रधान मंत्री पर विश्वास रखें। प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का इतिहास कोई एक दिन में नहीं बना है। जिन लोगों ने 50 वर्षों से इनके राजनीतिक जीवन को जाना है, निश्चित रूप से माना है कि अटल बिहारी वाजपेयी खुद का पद छोड़ सकते हैं, लेकिन देश की एकता और सार्वभौमिकता से कोई समझौता नहीं कर सकते।

महोदय, जैसा मैंने कहा कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान दोनों का 800 वर्षों का इतिहास है। दोनों के पुरखे पहले एक थे। दोनों की सभ्यता, संस्कृति और नस्ल एक थी। लेकिन कट्टरपंथियों के कारण देश

का बंटवारा हुआ, खून बहा। मैं उसमें नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन हकीकत यह है कि जब उसके साथ हमारी वार्ता होती है, तो लोग कहते हैं कि युद्ध होना चाहिए। सरकार के सहयोगी दल हों या सामने का कोई दल हो, अगर यह कहा जाए कि युद्ध से समस्या का समाधान हो जाएगा तो चार-चार युद्ध हुए, समाधान होना होता तो हो जाता।

मैं इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं। आज तक इतिहास में मुझे दो ही आदमी मिले। एक मिस्र के राट्रपति सादात, जब कर्नल नासिर मर गए तो मिस्र के राट्रपति सादात साहब हुए। उस समय मिस्र और इस्राइल में युद्ध चल रहा था। एक दिन सादात साहब बिना इस्राइल की सरकार को खबर किए इस्राइल चले जाते हैं। वह वहां जांकर वहां के राट्रपति और प्रधान मंत्री से वार्ता करते हैं और कहते हैं कि हम दोनों पड़ौसी हैं, तो इस्राइल को हम मान्यता देते हैं। हम क्यों अपने नौजवानों का खून बहाएं और क्यों हम अपने विकास के पैसे को खत्म कर रहे हैं, क्यों न हम दोनों मिलकर पड़ौसी की तरह रहा करें, मिल्लत और मोहब्बत से रहें। वह इस्राइल को मान्यता देते हैं। कुछ सदस्यों ने अटल बिहारी वाजपेयी की लाहौर बस यात्रा की चर्चा की। मैंने पिछली बार भी कहा था, आज भी कहना चाहता हूं कि वह बस यात्रा नहीं थी, वह विश्वास यात्रा थी। 100 करोड़ लोगों की विश्वास यात्रा थी कि भारत पड़ौसी से युद्ध नहीं चाहता, शांति और सद्भावना चाहता है, मिल्लत और मोहब्बत का रिश्ता चाहता है। लेकिन जैसा कहा गया कि कारगिल का युद्ध हुआ। फिर उसके बाद कहा गया कि आगरा वार्ता फेल हो गई। मैं ऐसा नहीं मानता। जो जनरल लाहौर में सैल्यूट देने से बाज आया था, वही आगरा में आकर स्वीकारता है कि मैंने ऐसा नहीं कहा था। ये सारी बातें अखबारों में भी आई हैं। क्या इस तरह हम एक कदम और आगे नहीं बढ़े हैं, मैं कहता हूं कि आप आगे बढ़ें। कुछ मित्रों ने इसका समर्थन किया, मैं भी समर्थन करता हूं कि हम पाकिस्तान के साथ व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ाएं, सांस्कृतिक सम्बन्ध बढ़ाएं और संगीत का सम्बन्ध बढ़ाएं। वहां से जो स्वर यहां आएगा, वह निश्चित तौर पर आगे के रास्ते को बनाएगा। मित्रता की मंजिल की तरफ सरकार के कदम बढ़ने दें। हो सकता है कि मंजिल तक नहीं पहुंच सकें, लेकिन मंजिल तक पहुंचने की दूरी तो कम होगी। एक बार नहीं, हजार बार फेल हो जाएं, कोई कहता है कि आप वहां जाएं, मैं भी कहता हूं कि आप वहां जाएं। अगर खाली भी लौटना पड़े दोस्ती के लिए फिर जाएं। दोनों देशों की भावना को एक होने के लिए आप बढ़ें, इसका हम पूरा समर्थन करते हैं।

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Hon. Speaker, Sir, there are speculations about the sudden changes in the attitudes of the two Governments. Whatever be the cause of these developments, on behalf of our party CPI, we welcome them. For long we have been pleading for resumption of Indo-Pak dialogue.

It is true that Pakistan's patronage to cross-border terrorism; its pronouncements in regard to terrorist activities in Kashmir; its patronage to revitalise the terrorist camps in PoK have complicated the issue. But in the midst of this atmosphere, there is no alternative to dialogue. Dialogue should be there without any precondition. Leaderships of both the countries have to change their mindset.

Sir, the tragedy of the Indo-Pak relation is that it has got communalised. It is more true about Pakistan whose hatred towards India has become dominant.

To begin with, both the countries must restore proper status of the Diplomatic Missions in each other's Capitals. High Commissioners should be sent back to start their preparatory work for the meaningful dialogue at appropriate level. But the Government should emphatically state that "We are against any third party intervention."

We have had the experience of the Agra Summit. So, we have to proceed with full preparations. Without

preparation we cannot proceed ahead.

With these few words, I conclude.

**श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) :** अध्यक्ष जी, हम सभी विदेश नीति पर एक रहे हैं और आज भी एक हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा यह जो पहल की गयी है उसका हम स्वागत करते हैं। कभी-कभी पुरानी चीजों को हमें याद रखना चाहिए लेकिन हर वक्त पुरानी चीजों को खोलना आवश्यक नहीं होता है। पानी में हमेशा मधुरता रहनी चाहिए और कर्म पर हमेशा नियंत्रण रहना चाहिए। मेंहदी का पत्ता हरा होता है लेकिन दबाने पर लाल रंग निकलता है। युद्ध में भारत हमेशा जीतता रहा है लेकिन हमें बातचीत के दरवाजे हमेंशा खुले रखने चाहिए। आज संसार में बातचीत का रास्ता खुला है और यह भी जरुरी है कि हमें अपने पड़ोसियों से अच्छे संबंध रखने चाहिए। भारत और पाकिस्तान की जनता चाहती है, तथा बंगला देश की जनता भी यही चाहती है कि बातचीत से समस्याएं सुलझें। बंगला देश के कारण पाकिस्तान को हमसे बहुत गुस्सा है लेकिन आज बंगला देश भी हमारा दोस्त नहीं रहा है। चाहे नेपाल हो, भुटान हो, बर्मा हो, पाकिस्तान हो या श्रीलंका हो, इन सारे पड़ोसी देशों से हमें मित्रता करनी चाहिए।

इराक में जो कुछ हुआ, उसके दो कारण रहे। एक तो उसके अपने पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे नहीं थे और दूसरे आंतरिक झगड़ा था। हमें अपने पड़ोसियों से झगड़ा खत्म करना चाहिए और ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे आंतरिक वातावरण खराब हो। अगर ये दो चीजों हम कर लें तो भारत का मुकाबला पूरी दुनिया में कोई देश नहीं कर सकता है। पाकिस्तान के 13 सांसद अन-ऑफिशियली भारत आ रहे हैं। यहां के सांसदों को भी वहां अन-ऑफिशियली जाना चाहिए जिससे दोनों देशों के लोगों के दिलों को जोड़ने का काम हो। सरकार की अपनी कुछ मर्यादाएं होती हैं। चाहे माननीय अटल जी प्रधान मंत्री हों या कोई दूसरा होâ€¦(व्यवधान)सोनिया जी प्रधान मंत्री हों, वह भी वही बात बोलेंगे जो माननीय अटल जी बोल रहे हैं। चाहे मुशर्रफ साहब भी क्यों न हों, वहीं बात बोलेंगे क्योंकि दोनों को अपने-अपने देश का इंट्रेस्ट है। इसलिए सरकार का काम अपना है लेकिन दोनों देशों की जनता के दिलों को जोड़ने का काम हमें करना चाहिए। मैं फिर आग्रह करुंगा कि हमें बातचीत करनी चाहिए और दोनों देशों की जनता को मिलाकर एक महासंघ बनाना चाहिए।

**श्री अली मोहम्मद नायक (अनंतनाग) :** मिस्टर स्पीकर साहब, जनाबे-आला, मैं जम्मू-कश्मीर आवाम की तरफ से अपनी तंजीम नेशनल कांफ्रेंस की तरफ से हिंदुस्तान के वज़ीरे-आज़म श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को मुबारकबाद देता हूं और इनका शुक्रिया अदा करता हूं क्योंकि इन्होंने दोनों देशों के बीच जो नफरत की दीवार है उसको ढहाने का बीड़ा उठाया है। यह वह तारीखी शख्सियत है जो नफरत की दीवार को ढहा सकती है। मैं देखता हूं कि इनके पाये का कोई भी आदमी नहीं है जो इस दीवार को ढहा सकता है।

मसलों को हल करने के दो ही तरीके हैं - एक जंग और दूसरी बातचीत। काश्मीर में तीन जंगें लड़ी गईं। हम जानते हैं, हम पर क्या गुजरी है। हमारे कितने लोग मारे गए, कितने लोगों के घर उजड़ गए। काश्मीरी भाई दिल्ली, जयपुर और चंडीगढ़ में दर-दर की खाक छान रहे हैं। इस चीज को संभालने के लिए हमारे वजीरेआजम हिन्दुस्तान ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। मुझे उम्मीद है, वे दोस्ती के हाथ को थामेंगे। पाकिस्तान के साथ काश्मीर के अलावा हमारे जितने भी मसायल हैं, उनका बातचीत से ही हल निकल सकता है। जहां कुछ दोस्त जंग की बात कहते हैं, जब जंग की बात चलती है, तो कह जाता है कि जंग नहीं होनी चाहिए। जब दोस्ती की बात चलती है, तो कहते हैं कि दोस्ती से पता नहीं कुछ निकलेगा या नहीं। हर चीज पर डाउट किया जाए, यह नहीं होना चाहिए।

मैं वजीरेआजम हिन्दुस्तान से एक गुजारिश करना चाहता हूं। काश्मीर में इन्सानियत कराह रही है। काश्मीर में आप गोलाबारी बन्द करा दें और काश्मीर से निकले हुए लोग जो दर-दर की खाक छान रहे हैं, जो अपने मुल्क में मुहाजिर बने हुए हैं, उनको वापिस पहुंचा दें, तो यह तारीखी बहुत बड़ा कारनामा होगा। इसके अलावा जितने भी मसाइल हैं, उनको हल करने के लिए बातचीत जारी रखिए। आपके दिल में नेक-नीयती है, आपने काश्मीर में जाकर एलान किया है, मुझे यकीन है कि खुदा आपको इसमें फतह देगा और आप कामयाब होंगे तथा हमारे मसायल हल होंगे। .

...(व्यवधान)

**श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण मध्य):**अध्यक्ष महोदय, मैं एक ही सवाल प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। लाहौर-समझौता-यात्रा प्रधान मंत्री ने शुरु की। क्रिकेट हम खेलते थे। आतंकवाद की वजह से इसको बन्द किया। अप्रैल महीने में प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद खत्म नहीं करेगा, तब तक हम बातचीत नहीं करेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि अब बातचीत क्यों शुरु करने जा रहे हैं?जिसके हाथ खून से भरे हुए हैं, जिसके हाथ में खून लगा हुआ है, फिर आप क्यों पाकिस्तान से वार्ता करने जा रहे हैं। â€¦(व्यवधान)पाकिस्तान हिन्दुस्तान में आतंकवाद बन्द करे, इस बारे में हम प्रधान मंत्री जी से जवाब चाहते हैं। हिन्दुस्तान को रीआलाईज हुआ है कि पाकिस्तान आतंकवाद नहीं कर रहा है इसलिए हिन्दुस्तान पाकिस्तान के साथ वार्ता करने के लिए तैयार हुआ है। ऐसा पाकिस्तान कहेगा तो आप क्या जबाव देगें।

**प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) :** अध्यक्ष महोदय, इस चर्चा में जिन माननीय सदस्यों ने भाग लिया है, मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं। कुछ मसले ऐसे होते हैं, जिन पर सदन में मोटे तौर पर एक आम राय बनती है। पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध, उन संबंधों का प्रश्न एक ऐसा ही मामला है। मतभेद होते हैं, लेकिन मतभेद के बावजूद जो अंतिम लक्ष्य है, उसकी प्राप्ति के लिए सब मिल कर काम करते हैं और अंतिम लक्ष्य भारत की विजय, भारत का गौरव, भारत की कीर्ति और भारत की एकता है।

इस चर्चा में बहुत सी पुरानी बातें उठाई गई हैं। लाहौर से शुरु किया और वह कहानी आगे बढ़ती गई। लाहौर के लिए खुद को दोाी ठहराया जाऊं, मैं इसे स्वीकार नहीं करता।

मित्रता के भाव से, पड़ोसी के नाते और पड़ोसी के साथ हमें निभाना है, जैसी भी निभे, अगर अच्छे संबंध बनाने का कोई अवसर प्राप्त होता है तो उसे खोना नहीं चाहिए। हमारा विकास आंतरिक और बाहरी शांति पर निर्भर है। हम नहीं चाहते कि युद्ध के लिए भारी हथियार खरीदे जाएं, देश के साधनों का बड़े पैमाने पर उपयोग हो, लेकिन जब आजादी के लिए खतरा पैदा होता है, जब अखंडता खतरे में पड़ती है तो सब कुछ दांव पर लगाने का काम होता है, देश की रक्षा करनी पड़ती है। मैंने पाकिस्तान के मित्रों से कई बार कहा है कि हम मित्र बदल सकते हैं, मगर पड़ोसी नहीं बदल सकते हैं। न आप कहीं जा सकते हैं, न हम कहीं उठ कर जा सकते हैं। हमें यहीं रहना है। अब एक रास्ता यह है कि दोस्त पड़ोसी के नाते रहें, दोस्ती के नाते रहें और दूसरा एक रास्ता लड़ते रहें, भिड़ते रहें, लेकिन रहें, दुनिया को हंसने का मौका दें, अपनी जनता की भावनाओं को भी ठीक से न समझने के कारण गलत रास्ते अपनाएं। इसलिए जहां तक संभव हो पड़ोसी के साथ मित्रता होनी चाहिए। इसीलिए मैं लाहौर गया। यह कहना गलत है कि लाहौर जाने से पहले पूर्व तैयारी नहीं थी। आगरा जाने से पहले भी कहा गया कि पूर्व तैयारी नहीं थी। इसका क्या मतलब है? सरकार चलती है, सरकार का ढांचा बना हुआ है, विदेश मंत्रालय मेरे आने से बदल नहीं गया, जो हमारे कूटनीतिज्ञ चतुर हैं, मैं समझता हूं कि इसमें हमारे मित्र सहमत होंगे, वे अफसरों पर गाज गिराते हैं लेकिन विदेश मंत्रालय वाले विदेश विभाग वालों को संरक्षण देते हैं। हमारी तैयारी थी, लेकिन बीच में जो कारगिल का प्रश्न पैदा हुआ, वह वहां की सरकार और फौज के सेनापति का आपस का झगड़ा था। दोनों देशों ने मिल कर लाहौर समझौते के बाद जो घोाणा पत्र निकाला था,

उसमें कहा था कि हम शांति के साथ बातचीत करेंगे, मामले हल करेंगे और इस पर सहमति हुई। उस घोाणा पत्र में कश्मीर का भी उल्लेख नहीं था क्योंकि दोनों देशों में जो चर्चा हुई उसका नतीजा यह निकला कि कश्मीर का मामला उलझा हुआ है, हम इसकी बात न करें। अच्छा यह है कि हम और प्रश्नों पर अपना ध्यान लगाएं और उन्हें हल करते हुए आगे बढ़ें।

**श्री मणि शंकर अय्यर** : मेरे पास लाहौर डिक्लरेशन है। उसमें कहा गया है कि

"â€¦ have agreed that their respective Governments shall intensify their efforts â€¦"

MR. SPEAKER: I can permit you to put questions after the Prime Minister completes. Now, you may please sit down.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : " â€¦ at resolving all issues including the issue of Jammu & Kashmir." आप कह रहे हैं कि कश्मीर का जिक्र नहीं है। यह आपके सामने है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयीः** अध्यक्ष महोदय, उसमें जो जिक्र है, मैं वह जानता हूं। वह जिस रूप में है, आप भी देख सकते हैं। आगरा की तरह से लाहौर में कश्मीर को मुख्य मुद्दा नहीं बनाया गया था। वह अब बना दिया गया है।

**श्री मणि शंकर अय्यर** : सब से पहला मुद्दा है। आपने इस पर हस्ताक्षर किये हैं।

MR. SPEAKER: Let him complete the reply.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** जो बातचीत हुई है, मैं उसका हवाला दे रहा हूं। जनरल मुशर्रफ साहब जब आगरा आये और जो चर्चा चली, उन्होंने सारी ताकत इस बात पर लगा दी कि कश्मीर के बारे में उनकी बात मान ली जाये। अब यह भी निकाल दिया कि यह बात नहीं हुई। आगरा से जनरल मुशर्रफ को खाली हाथ जाना पड़ा। मुझे दोाी ठहराया जा रहा है कि आपने गलती की, आपने तैयारी नहीं की। अगर तैयारी नहीं होती तो करगिल में पाकिस्तान के हमले का सफलतापूर्वक सामना नहीं किया जाता। हमने पाकिस्तान की योजना सफल नहीं होने दी। उनके यहां गृह-कलह इतना बढ़ गया कि उनके प्रधान मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा। वे मिलकर काम नहीं कर सके। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि जो प्रयास किये जा रहे हैं, वे अच्छी नीयत से किये जाते हैं। कभी सफल होते हैं, कभी विफल होते हैं। युद्ध-विराम कई बार किया गया। इस बात को लेकर सद्भावना है कि दोनों पड़ौसी देशों, विशोकर जम्मू कश्मीर में मित्रता का वातावरण बने लेकिन यह मंशा पूरी नहीं हुई। आतंकवादियों में मतभेद हो गये, वे बंट गये, टूट गये। आज उनकी क्या स्थिति है?, मैं इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता। अब यह कहा जा रहा है कि आपने कहा था कि जब तक सीमा-पार से आतंकवाद समाप्त नहीं होगा, आप बात नहीं करेंगे। हां, कहा था लेकिन हम सीमा पार से आतंकवाद रोकना चाहते थे, वह हमारा लक्ष्य है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये हमने काम करने का फैसला किया और इतने जोरदार तरीके से काम किया कि सारी दुनिया के कुछ देशों को छोड़कर बाकी देश इस राय के हो गये कि सीमा पार से जो आतंकवाद हो रहा है, वह बंद होना चाहिये। हमें विश्व का जनमत अपने साथ में लेने में सफलता मिली। हम यह नहीं कहते कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कोई दूसरा लड़ेगा लेकिन हमें समझौता करने के लिये गुंजाइश मिली, रास्ता निकला और इसलिये यह तय हुआ कि अब जब कश्मीर में चुनाव हो गये हैं और यह इतनी बड़ी घटना है, इसका सही मूल्यांकन होना चाहिये, मुझे ऐसा लगता है।

श्रीमती सोनिया गांधी ने जम्मू कश्मीर के चुनाव का उल्लेख तक नहीं किया। जम्मू कश्मीर चुनाव एक नया परिच्छेद शामिल करने वाला परिवर्तन है। लोगों ने गोलियां खाईं और वोट देने गये। पाकिस्तान के सारे प्रयास विफल हो गये। उस दिन कश्मीर में मैंने उमड़ती भीड़ को देखा। मैं कश्मीर पहले भी जा चुका हूं। कश्मीर में मैंने तरह-तरह के स्वागत देखे हैं लेकिन चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर में जो सभा हुई, मुफ्ती साहब ने समर्थन दिया, हमने उनका स्वागत किया। उस सभा में जो दृश्य था, उसने उस पड़ौसी को चौंकाया होगा। भले ही न चौंकाया हो लेकिन उस दृश्य ने हमारे हृदय में एक उत्साह पैदा किया कि जिस जनता के भरोसे हम खड़े हैं, वह जनता हमारे साथ है। साम्प्रदायिकता का ज़हर काम नहीं करेगा, लोग अमन चाहते हैं। लोग शान्ति के साथ रहना चाहते हैं। इतने लोग चुनाव में मारे गये, कितने घायल हुये। अगर आप उन सब की गिनती करेंगे तो ऐसा लगेगा कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने अपनी जान पर खेलकर बहुत बड़ी कुर्बानी की है।

उस दिन मुझे लगा कि अब एक नया कदम उठाने की जरूरत है। उसी समय एक अंतर्राट्रीय घटना हुई, जिसमें मैं विस्तार से नहीं जाना चाहता। लेकिन जिस तरह से इराक पर हमला हुआ, जिस तरह से यूनाइटेड नेशंस बिना असर के छोड़ दिया गया, निप्रभावी बना दिया गया, उससे मुझे लगा कि अब जो छोटे देश हैं, विकासशील देश हैं, गुटनिरपेक्ष देश हैं, इन्हें भविय के बारे में सोचना चाहिए। मैं इसे एक परिवर्तन की दिशा मानता हूं। इराक में अमरीका का आक्रमण और जम्मू-कश्मीर में जनता की जीत, ये दो अलग-अलग दिखाई देने वाली घटनाएं हैं, मगर ये जुड़ी हुई हैं।â€¦(व्यवधान)

**श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ)** : इसमें बी.जे.पी. की हार हुई।â€¦(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** यहां हार-जीत की बात नहीं हो रही है। हम हमेशा हारने के लिए तैयार हैं और हम हारते हैं इसलिए तो यहां बैठे हैं और अब आप वहां पहुंच गये हैं।â€¦(व्यवधान)

**श्री अवतार सिंह भडाना :** कभी हम भी वहां बैठते थे और आप यहां बैठते थे। हम फिर वहां आ जायेंगे।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : कोई बात नहीं है, लेकिन मैं इसमें नहीं पड़ना चाहता। अध्यक्ष महोदय उस दिन मुझे लगा कि कोई नई पहल शुरू करने की जरूरत है। हम यह रट लगा सकते थे, जैसा बार-बार आपने कहा था क्या आतंकवाद रुक गया और मैं अगर कहूं कि आतंकवाद कम हो गया तो फिर आप कहेंगे कि कम होने से काम नहीं चलेगा, पूरा बंद होना चाहिए। मगर इसका जवाब दिया जायेगा कि सारे आतंकवादी किसी एक के कब्जे में नहीं है। आतंकवादी भी बंटे हुए हैं। आतंकवादियों की भी अलग-अलग राजनीति है। सारे आतंकवादी कहीं एक सूत्र से चलते हैं। अगर ऐसा है तो यह सचमुच में गंभीर बात है, मगर वास्तविकता ऐसी है नहीं, तो इसका भी इशारा मिला कि परिवर्तन हो रहा है और जम्मू-कश्मीर की जनता ने एक दोटूक फैसला किया। हमने कहा यह वक्त है दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए, बशर्ते कि पाकिस्तान सीमापार के आतंकवाद को छोड़े और जो ढांचा वहां बना हुआ है, उसे समाप्त करे। बातचीत तो अभी शुरू नहीं हुई है, यह तो पूर्वाभ्यास है। लेकिन बातचीत में जब पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से टेलीफोन पर बात हुई और उन्होंने कहा कि आइये हम दोनों मिलकर हाकी खेलने का फैसला करें, तो मैंने कहा कि आप बहुत अच्छी हाकी खेलते हैं, मैं जानता हूं, आप हाकी के कप्तान रहे हैं, अपने खिलाड़ियों का चयन करते थे। आप हाकी की बात कह रहे हैं तो मैं समझ सकता हूं, लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आती जमाली साहब, मान लीजिए भारत और पाकिस्तान का हाकी का मैच हो रहा है, भीड़ लगी है, सारा शहर उमड़ पड़ा है और उसी समय खबर आती है कि आतंकवादियों ने जम्मू में हमला करके 50 निर्दोा पुरुाों, महिलाओं और बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है। वह कैसा खेल होगा, उस खेल की प्रतिक्रिया क्या होगी, क्या वह खेल मित्रता को पैदा करेगा, जो भी हम सोचें। इसलिए मैंने कहा कि यह आतंकवाद बंद होना चाहिए। अब उन्होंने जो कुछ कहा उसे मैं दोहराना नहीं चाहता। मगर उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक ऐसा अपराध है, एक ऐसा जुर्म है, जिससे आजकल हम भी परेशान है, हम भी अपने देश में लड़ रहे हैं और हम मिलकर आतंकवाद से लड़ेंगे। इसके बाद सोचा गया कि आदान-प्रदान होना चाहिए। जिन माननीय सदस्यों ने चेतावनी दी है, मैं

उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम जरूर सावधानी बरतेंगे, हम भी दूध के जले हैं, छाछ को फूंक-फूंक कर पीयेंगे।

लेकिन हम जड़ हो जाएं, निक्रिय हो जाएं, कोई पहल न करें, कोई कदम न उठाएं, हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाएं, यह तो भारत जैसे बड़े देश को शोभा नहीं देता। ि वश्व में भारत का एक स्थान है। शांति के प्रति हमारी जो समर्पण की भावना है, उससे सब परिचित हैं। पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन नहीं मिला है। लोगों का समर्थन जम्मू-कश्मीर के लोगों ने जो चुनाव में दिखाया है, उसके साथ है। जो भी विदेशी आए थे और जो चुनाव में देखने गए थे, उन्होंने इस बात को माना कि लोगों ने अपनी राय प्रकट कर दी है, शांतिपूर्ण ढंग से प्रकट कर दी है, गोलियों का सामना करते हुए कर दी है और उसकी कद्र की जानी चाहिए। दुनिया उसकी कद्र करेगी। कम से कम हम तो उसको जितना महत्व देना चाहिए, दें। एक नया अध्याय शुरू हुआ है। आइए, हम उसको मिलकर बढ़ाएं। कोई नहीं चाहता कि जम्मू-कश्मीर चला जाए। सोनिया जी ने यह बात कैसे कही, मेरी समझ में नहीं आता। जम्मू-कश्मीर नहीं जाएगा। कौन कह रहा है जाएगा? जो यह कहेगा कि जाने वाला है, वह यहाँ रह सकता है? यह किसी ने नहीं कहा। पता नहीं किसने ..., मैं उसमें नहीं जाना चाहता। जम्मू-कश्मीर को कोई तोड़ नहीं सकता सही बात है। जम्मू-कश्मीर के तीन हिस्से हैं, अलग अलग डिविज़न हैं। वह मिलकर बरसों से रह रहे हैं। नई व्यवस्था होगी तो उसमें भी साथ रहेंगे।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : नई व्यवस्था क्या होगी, वह बता दीजिए। लद्दाख, कश्मीर और जम्मू बंटवारे की जो पुरानी संघ परिवार की और अमेरिका की राय है, क्या वही आप बोल रहे हैं?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** क्या कह रहे हैं?

**श्री मुलायम सिंह यादव** : नई व्यवस्था में क्या तीनों का बंटवारा करना चाहते हैं?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अरे मुलायम सिंह जी, आप भी अपनी रट छोड़ते नहीं हैं। डॉ. लोहिया पाठ पढ़ा गए कि महासंघ होना चाहिए। महासंघ न उस समय हुआ, न अब होगा।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : महासंघ नहीं होगा तो कभी भी दोस्ती नहीं होगी, यह बात लिख लीजिए मैं आज सदन में कह रहा हूँ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** यह आपकी राय है। हमारी राय अलग है। और अलग-अलग राय होते हुए भी हम और आप मित्र हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : हम तो आपका स्वागत ही कर रहे हैं, साथ दे रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** केवल महासंघ नहीं, अब तो दुनिया के देश इकट्ठा होकर बड़े-बड़े संघ बना रहे हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : अब बता दीजिए कि यह आपका अंतिम प्रयास है या लगातार रहेगा?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** सारा यूरोप एक हो रहा है। जो पहले कम्युनिस्ट देश थे वे भी शामिल हो रहे हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : आपका अंतिम प्रयास है या लगातार रहेगा?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** यह युग का धर्म है। देश अब बँटने नहीं चाहिए, टुकड़े नहीं होने चाहिए और आर्थिक विकास के लिए सब मिलकर काम करें, इसके लिए देशों में एकता होना भी बहुत ज़रूरी है।

**श्री सोमनाथ चटर्जी** : सही बात है।

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** हम भी आपके साथ हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** कामरेड भी हमारा साथ दे रहे हैं।

**श्री सोमनाथ चटर्जी** : आप नहीं चाहते? Do you not want my support?

**अध्यक्ष महोदय :** रामदास आठवले साथ हैं, तो दूसरे किसी की ज़रूरत नहीं है।

**श्री सोमनाथ चटर्जी** : आठवले साथ रहेंगे तो जनता आपके साथ रहेगी।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** कुछ और प्रश्न उठाए गए थे। पाकिस्तान डी-न्यूक्लियराइज़ेशन की बात कर रहा है। साउथ एशिया को वह डी-न्यूक्लियराइज़ करना चाहता है। हमें यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं है। पाकिस्तान का एटॉमिक कार्यक्रम इंडिया स्पैसेफिक है, हमारा पाकिस्तान स्पैसेफिक नहीं है। हमें केवल पाकिस्तान की चिन्ता नहीं है, हमें और भी आस-पास के देशों में क्या वातावरण बनता है, इसकी चिन्ता है। हमने एक न्यूक्लियर डॉक्ट्रीन एडॉप्ट की है। उसमें हमने कहा है कि हम पहले हमला नहीं करेंगे। पाकिस्तान ने इस तरह की घोाणा नहीं की। उसने ऐसा करने से मना कर दिया है। तो फिर नो वार पैक्ट का मतलब क्या है? मल्होत्रा जी ने ठीक कहा कि नो प्रॉक्सी वार पैक्ट होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, और भी प्रश्न उठाए गए थे। मैं उन सबके विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन यह कहना चाहूंगा कि दुनिया संकटों से घिरी है और उसमें यदि निश्चित आधार पर आगे बढ़ने का फैसला नहीं होता, तो कठिनाई होगी।

शांति की खोज कोई अपराध नहीं है। उसमें सफलता मिलती है या विफलता, यह बात अलग है। कौन विफलता चाहता है ? लेकिन हम विफल हो जाएंगे, इसलिए उसे न करें, यह ठीक नहीं है। भारत जैसा विशाल देश इस तरह से फैसला नहीं कर सकता और न स्वतंत्र भारत ने कभी इस तरह से फैसले किए हैं।

हमने शिमला समझौते का विरोध नहीं किया था। इसलिए विरोध नहीं किया था क्योंकि उसमें दोस्ती थी। हमने उस समय इसलिए विरोध किया था क्योंकि शिमला समझौते के बाद भी जम्मू-कश्मीर का मामला हल नहीं हुआ।

अब अलग-अलग विचार हो सकते हैं, मतभेद हैं, उनको प्रकट किया जा सकता है, लेकिन एक देश के रूप में जब भारत की ओर दुनिया देखती है, तो वे आशा करते हैं कि हम एक स्वर में बोलेंगे, एक आवाज में बोलेंगे और जो मतभेद हैं, उनको आपस में बैठकर तय करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, मैं सबको धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि इस सम्बन्ध में जो भी मतैक्य बना है, उसको आगे चलाया जाएगा।

MR. SPEAKER: The discussion is over.